जेष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 112, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 18 मई 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## शिवलिंग या फव्वार...अदालत करें निपटारा

### ज्ञानवापी पर सुप्रीम कोर्टः अगर शिवलिंग मिला है तो उसे सुरक्षित रखें, नमाज को न रोका जाए, हमारी नजर में यही संतुलन है, जानकारी लीक करने का आरोप, अदालत ने रिपोर्ट दाखिल करने के लिए 2 दिन का समय दिया






**नई दिल्लीः** वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद का सर्वे कराने के वाराणसी कोर्ट के आदेश के खिलाफ मुस्लिम पक्ष की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा निर्देश जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि परिसर में जिस जगह शिवलिंग मिला है, उस जगह को सुरक्षित रखा जाए। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि लोगों को नमाज अदा करने से रोका न जाए। सुनवाई जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और पीएस नरसिम्हा की बेंच में हुई। मुस्लिम पक्ष की ओर से पैरवी कर रहे हुफैजा अहमदी से सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह याचिका पूजा-अर्चना के लिए है, न कि मालिकाना हक के लिए। इस पर अहमदी ने कहा था कि ऐसे में वहां के हालात ही बदल जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में हिंदू पक्ष को भी नोटिस जारी किया है। जस्टिस चंद्रचूड़ ने निर्देश दिया-अगर शिवलिंग मिला है तो हमें संतुलन बनाना होगा। हम डीएम को निर्देश देंगे कि वह उस स्थान की सुरक्षा करें, पर मुस्लिमों को नमाज से न रोका जाए।

**जज के शिवलिंग बोलने पर मुस्लिम पक्ष को ऐतराजः** सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान जज ने शिवलिंग वाली जगह बोलने का इस्तेमाल किया तो, इस पर मुस्लिम पक्ष ने आपत्ति जताई। मुस्लिम पक्ष ने कहा कि मामला अभी विवादित है। ऐसे में शिवलिंग मिलने वाली जगह न कहा जाए, जिसके बाद जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि हम ऑर्डर में इसे इंडिकेट कर देंगे।

**मुस्लिम पक्षः** सुनवाई के दौरान मुस्लिम पक्ष की ओर से पैरवी कर रहे हुजैफा अहमदी ने कहा कि पूजा की जिस तरह मांग की गई है, इससे तो हालात ही बदल जाएंगे। अहमदी ने कहा कि इसी अदालत ने कहा था कि 15 अगस्त 1947 को जो धर्म स्थल जिस स्थिति में थे, उन्हें बदला नहीं जा सकता। इस तरह के ऑर्डर (वाराणसी कोर्ट) में साजिश की बहुत आशंका है। उन्होंने कहा कि आप परिसर को सील कैसे कर सकते हैं। गैरकानूनी निर्देशों की झड़ी लगी हुई है। अगर आप परिसर को सील कर देंगे तो ये यथास्थिति बरकरार रखने के निर्देश का उल्लंघन होगा। आप लोअर कोर्ट के सभी फैसलों पर रोक लगाने का आदेश दें।

**यूपी सरकारः** तुषार मेहता ने कहा कि वजूखाने में शिवलिंग मिला है, जो हाथ-पैर धोने की जगह है। नमाज की जगह अलग होती है। उन्होंने आगे कहा कि अगर नमाज पढ़ने की इजाजत दी गई तो शिवलिंग को नुकसान पहुंच सकता है। मेहता ने आगे कहा कि अगर किसी ने शिवलिंग पर पैर लगा दिया तो कानून-व्यवस्था की स्थिति प्रभावित हो सकती है।

**सुप्रीम कोर्ट :** कोर्ट में सुनवाई के दौरान जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि यह मामला मालिकाना हक का नहीं है, पूजा करने की परमिशन मांगी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा कि हम आदेश देंगे कि आपने जो आवेदन दाखिल किया है, सिविल कोर्ट उसका जल्द निपटारा करे। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने आदेश दिया कि अगर शिवलिंग मिला है, तो उसे सुरक्षित रखा जाए। साथ ही नमाजियों को न रोका जाए। कोर्ट ने कहा कि 19 मई को अगली सुनवाई होगी। हिंदू पक्ष और मुस्लिम पक्ष दोनों शामिल रहे।

### ज्ञानवापी मस्जिद सर्वे का रिपोर्ट न्यायालय में पेश होने में लगेगा समय

**वाराणसीः** ज्ञानवापी शृंगार गौरी मामले में सर्वे की रिपोर्ट मंगलवार को न्यायालय में नहीं दाखिल होगी। सिविल जज सीनियर डिवीजन की कोर्ट में दिये गये प्रार्थना पत्र में विशेष अधिवक्ता कमिश्नर विशाल सिंह ने सर्वे की रिपोर्ट पेश करने के लिए दो दिन का और समय मांगा है। सर्वे रिपोर्ट तैयार नहीं हो पाई है। अदालत इस मामले में दो बजे सुनवाई करेगी। विशेष अधिवक्ता कमिश्नर ने प्रार्थना पत्र के जरिये कहा है कि 'यह विवादित स्थल बड़ा है और सभी बिंदुओं पर ध्यान देना है । अभी रिपोर्ट तैयार होने में कुछ समय लग सकता है। अतः निवेदन है कि कमीशन रिपोर्ट तैयार करने में कम से कम 2 दिन का समय दिया जाए ताकि न्याय हो। उन्होंने बताया है कि ज्ञानवापी परिसर तथा शृंगार गौरी विवादित स्थल पर सर्वे की कार्रवाई का काम पूरा कर लिया है। न्यायालय के आदेश पर तीन दिन चले सर्वे प्रक्रिया के दौरान 13 घंटे के वीडियो फुटेज बनाने के साथ 15 सौ से अधिक तस्वीरें खींची गईं। सर्वेक्षण के दौरान एचडी कैमरे का उपयोग किया गया। सर्वे कार्य पूरा होते ही वीडियो फुटेज व फोटो सुरक्षित कर लिए गए हैं। तैयार हो रही रिपोर्ट में साक्ष्य के रूप में वीडियो फुटेज व फोटो को भी शामिल किया जायेगा। कोर्ट से नियुक्त सहायक अधिवक्ता कमिश्नर अजय सिंह ने बताया कि 3 दिन में 1500 से ज्यादा तस्वीरें खींची गई ।

### ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी मामले में अधिवक्ता कोर्ट कमिश्नर अजय मिश्र हटाये गये

**वाराणसीः** ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी मामले में मंगलवार को अदालत ने अधिवक्ता कोर्ट कमिश्नर अजय मिश्रा को कोर्ट कमीशन से हटा दिया है। सिविल जज सीनियर डिवीजन रवि कुमार दिवाकर ने सुनवाई के बाद ये आदेश दिया। न्यायालय ने कोर्ट में कमीशन की रिपोर्ट दाखिल करने के लिए 2 दिन का और समय दिया है। अब रिपोर्ट 19 मई को दाखिल होगी। विशेष अधिवक्ता कोर्ट कमिश्नर विशाल सिंह रिपोर्ट पेश करेंगे। उनके सहयोगी के भूमिका में सहायक कोर्ट कमिश्नर अजय प्रताप सिंह रहेंगे। विशेष अधिवक्ता आयुक्त विशाल सिंह ने सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में सर्वे रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए दो दिन का समय मांगने के साथ



कोर्ट कमिश्नर अजय कुमार मिश्र पर आरोप लगाया था कि कमीशन की कार्यवाही में असहयोग कर रहे हैं। कोर्ट कमिश्नर ने प्राइवेट कैमरामैन रखा और लगातार मीडिया को बाइट देते रहे। यह कानूनन गलत है। इस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि कोर्ट कमिश्नर की जिम्मेदारी अहम होती है। उसकी स्थिति एक लोक की तरह होती है और उससे अपेक्षा की जाती है कि कमीशन की कार्यवाही का सम्पादन पूरी निष्पक्षता एवं इमानदारी से करेगा। कोई भी गैर जिम्मेदाराना वाला बयान आदि पब्लिक में नही देगा। कोर्ट कमिश्नर अजय मिश्र ने अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन गैर जिम्मेदारी से किया है। ऐसे में कोर्ट कमिश्नर अजय मिश्र को तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त किया जाता है। गौरतलब हो कि सिविल जज सीनियर डिवीजन की कोर्ट में दिये गये प्रार्थना पत्र में विशेष अधिवक्ता कमिश्नर विशाल सिंह ने सर्वे की रिपोर्ट पेश करने के लिए दो दिन का और समय मांगा । विशेष अधिवक्ता कमिश्नर ने प्रार्थना पत्र के जरिये कहा है कि 'यह विवादित स्थल बड़ा है और सभी बिंदुओं पर ध्यान देना है । अभी रिपोर्ट तैयार होने में कुछ समय लग सकता है। अतः निवेदन है कि कमीशन रिपोर्ट तैयार करने में कम से कम 2 दिन का समय दिया जाए ताकि न्याय हो।

## 21वीं सदी में देश की प्रगति तय करेगी कनेक्टिविटीः मोदी




**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को स्वदेश में विकसित 5जी टेस्ट बेड के शुभारंभ को आत्मनिर्भर भारत अभियान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम करार दिया। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में भारत की कनेक्टिविटी देश की प्रगति की गति निर्धारित करेगी। ऐसे में उन्होंने कनेक्टिविटी को हर स्तर पर आधुनिक बनाने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के रजत जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने ट्राई के रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य में डाक टिकट जारी किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने आईआईटी मद्रास के नेतृत्व में कुल आठ संस्थानों द्वारा बहु-संस्थान सहयोगी परियोजना के रूप में विकसित 5जी टेस्ट बेड का भी शुभारंभ किया। इस परियोजना को 220 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया गया है। प्रधानमंत्री ने 5जी टेस्ट बेड को टेलिकॉम सेक्टर में क्रिटिकल और आधुनिक टेक्नॉलॉजी की आत्मनिर्भरता की दिशा में एक अहम कदम करार दिया। उन्होंने आईआईटी समेत इस प्रोजेक्ट से जुड़े सभी लोगों को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के अपने 5जी मानक को 5जीआई के रूप में बनाया गया है, यह देश के लिए बहुत गर्व की बात है। यह देश के गांवों में 5जी तकनीक पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि कनेक्टिविटी 21वीं सदी के भारत में प्रगति की गति निर्धारित करेगी। इसलिए कनेक्टिविटी को हर स्तर पर आधुनिक बनाना होगा।

### जितेंद्र त्यागी को मिली तीन महीने की जमानत

**नई दिल्लीः** हरिद्वार में धर्म संसद में भड़काऊ भाषण के मामले में जितेंद्र नारायण त्यागी उर्फ वसीम रिजवी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने जितेंद्र नारायण त्यागी उर्फ वसीम रिजवी को तीन महीने की अंतरिम जमानत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जितेंद्र नारायण त्यागी जमानत के दौरान कोई विवादित बयान नहीं देंगे। सुप्रीम कोर्ट ने 12 मई को वसीम रिजवी की जमानत अर्जी पर उत्तराखंड सरकार को नोटिस जारी किया था। जस्टिस अजय रस्तोगी की अध्यक्षता वाली बेंच ने रिजवी को नसीहत दी थी कि आखिर माहौल खराब करने की जरूरत क्या है। शांति से सब साथ रहकर ज़िंदगी का आनंद लें। दरअसल, 17 से 19 नवंबर को हरिद्वार में धर्म संसद में वसीम रिजवी पर भड़काऊ भाषण देने का आरोप है। इस मामले में यति नरसिंहानंद को भी गिरफ्तार किया गया था। यति नरसिंहानंद को जमानत मिल चुकी है जबकि वसीम रिजवी जेल में ही बंद हैं। बता दें कि 26 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने 27 अप्रैल को उत्तराखंड के रुड़की में होनेवाले धर्म संसद के लिए राज्य सरकार को चेतावनी देते हुए कहा था कि भड़काऊ भाषण पर लगाम नहीं लगी तो उच्च अधिकारियों को जिम्मेदार माना जाएगा।

### जे & केः शाह ने की सुरक्षा हालात की समीक्षा



**नई दिल्लीः** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को उच्च स्तरीय बैठक कर जम्मू-कश्मीर के सुरक्षा हालात की समीक्षा की। इसके अलावा बैठक में अमरनाथ यात्रा से जुड़ी तैयारियों पर भी चर्चा की गई। यह समीक्षा बैठक ऐसे समय में हो रही है जब जम्मू कश्मीर में कश्मीरी हिंदुओं को निशाना बनाकर हमले किए जा रहे हैं। इस उच्च स्तरीय बैठक में जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी, जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव और केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों व विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक में आगामी 30 जून से होने वाली अमरनाथ यात्रा से जुड़ी तैयारियों की भी जानकारी ली गई। उल्लेखनीय है कि 12 मई को आतंकियों ने सरकारी कर्मचारी राहुल भट्ट की बड़गांव में उनके ऑफिस के भीतर हत्या कर दी थी। इसके अगले दिन पुलिस कॉन्स्टेबल रियाज अहमद की भी पुलवामा जिले में उनके घर पर हत्या कर दी गई थी।

वहीं गृह मंत्रालय के अनुसार, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में एक उच्चस्तरीय बैठक में अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की। मंत्रालय के अनुसार केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि अमरनाथ यात्रियों के आवागमन, ठहरने, बिजली, पानी, संचार और स्वास्थ्य समेत सभी आवश्यक सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिये।

## फिसला रूपयाः डॉलर के मुकाबले 77.77 रुपये तक पहुंची कीमत



**नई दिल्लीः** मुद्रा बाजार में रुपये ने एक बार फिर जोरदार गोता लगाया। डॉलर के मुकाबले रुपया आज रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। आज स्पॉट कारोबार में रुपया 77.77 रुपये प्रति डॉलर और फ्यूचर कारोबार में 77.88 रुपये प्रति डॉलर के स्तर तक गिर गया। रुपये का ये अभी तक का सबसे निचला स्तर है। माना जा रहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने अगर नीतिगत निर्णय लेकर तत्काल हस्तक्षेप नहीं किया तो शॉर्ट टर्म में ही भारतीय मुद्रा 79 रुपये प्रति डॉलर के भाव तक टूट सकती है। इंटर बैंक फॉरेन करंसी एक्सचेंज में आज रुपये ने 24 पैसे की कमजोरी के साथ 77.69 रुपये प्रति डॉलर के स्तर से कारोबार की शुरूआत की।

## कार्ति पर 50 लाख रुपये में 250 चीनियों को भारत का वीजा दिलाने का आरोप



**नई दिल्लीः पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री एवं वित्त मंत्री** रहे, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम और उनके बेटे कार्ति चिदंबरम के ठिकानों पर मंगलवार सुबह सीबीआई ने छापामारी के बाद मामला दर्ज कर लिया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने जहां पर छापा मारा है, उनमें पी. चिदंबरम का दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास और चेन्नई का निवास स्थान भी शामिल है। कार्ति चिदंबरम के कई दूसरे ठिकानों पर जांच एजेंसी ने दस्तक दी है। कार्ति चिदंबरम पर आरोप है कि उन्होंने 2008 से 2012 के बीच 250 चीनियों को पंजाब के 'तलवंडी साबो पावर लिमिटेड प्रोजेक्ट' पर काम करने के लिए वीजा दिलाने में मदद की थी। इसके लिए कथित तौर से पचास लाख रुपये की घूस ली गई थी। तब कार्ति चिदंबरम के पिता पी. चिदंबरम देश के गृह मंत्री थे। सूत्रों का कहना है कि इस मामले में केंद्रीय गृह मंत्रालय के तत्कालीन अफसरों ने कार्ति चिदंबरम की मदद की थी। ऐसे में अब केंद्रीय जांच एजेंसी, उस वक्त एमएचए में कार्यरत रहे अफसरों से भी पूछताछ कर सकती है। अब गृह मंत्रालय के कई पूर्व अधिकारी, केंद्रीय जांच एजेंसी के रडार पर आ गए हैं। सीबीआई के अधिकारियों ने बताया कि मामला दर्ज करने के।

### देश में उर्वरकों की कोई कमी नहीं: डॉ. मनसुख

**नई दिल्लीः** केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, रसायन और उर्वरक मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया ने कहा कि देश में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। किसानों को उर्वरकों की सुनिश्चित आपूर्ति के लिए केन्द्र सरकार प्रतिबद्ध है। मंगलवार को दो दिवसीय जॉर्डन यात्रा से लौट कर मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चालू वर्ष के लिए 30 एलएमटी रॉक फॉस्फेट, 2.50 एलएमटी डीएपी, 1 एलएमटी फॉस्फोरिक एसिड की आपूर्ति के लिए जॉर्डन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

### चीन सीमा पर भेजे गए एक लाख 8 हजार सैनिकपूर्वोत्तर के आतंकवाद रोधी अभियानों में शामिल सैनिकों को भी उत्तरी सीमा पर भेजा गया

## चीन सीमा पर भेजे गए एक लाख 8 हजार सैनिक



**नई दिल्लीः** चीन से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारतीय सेना ने अपनी अतिरिक्त छह डिवीजन तैनात की हैं। एक डिवीजन में लगभग 18 हजार जवान होते हैं, यानी एक लाख 8 हजार सैनिक चीन सीमा पर भेजे गए हैं। इनमें कई डिवीजन को अन्य अहम मोर्चों से बुलाया गया है, क्योंकि इन सैनिकों को पहाड़ी क्षेत्रों में दुश्मन के मंसूबों को नाकाम करने में महारत हासिल है। चीन सीमा पर भेजे गए सैनिकों में पाकिस्तान के मोर्चे पर तैनात जवानों से लेकर पूर्वोत्तर के आतंकवाद रोधी अभियानों में शामिल सैनिक भी शामिल हैं। चीन की तरफ से किसी भी तरह के दुस्साहस का दोगुनी मजबूती के साथ जवाब देने के लिए भारतीय सेना ने पूरा बंदोबस्त किया है। इसीलिए पाकिस्तान की सीमा लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) पर तैनात भारतीय जवानों को हटाकर देश की उत्तरी सीमा पर भेजा जा रहा है। सेना ने चीन से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर अपनी अतिरिक्त छह डिवीजन तैनात की हैं। एक डिवीजन में लगभग 18 हजार जवान होते हैं यानी एक लाख 8 हजार सैनिक चीन सीमा पर भेजे गए हैं। चीन सीमा पर तैनाती के लिए उन सैनिकों को कुछ दूसरे अहम मोर्चों से बुलाया गया है, जिन्हें पहाड़ी क्षेत्रों में दुश्मन के मंसूबों को नाकाम करने में महारत हासिल है। दरअसल, नए सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने भारतीय सेना की बागडोर संभालने के बाद 12 मई को पहला लद्दाख दौरा किया। यात्रा के पहले दिन उन्होंने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारत की सैन्य तैयारियों की व्यापक समीक्षा की।

## थोक महंगाई दर अप्रैल महीने में बढ़कर 15.08 फीसदी पर



**नई दिल्ली :** रूस-यूक्रेन जंग के बीच आम आदमी को महंगाई का एक और झटका लगा है। अप्रैल में थोक महंगाई दर 15.08 फीसदी पर पहुंच गई। इससे पहले मार्च में यह 14.55 फीसदी पर जबकि फरवरी में 13.11 फीसदी पर रही थी। पिछले साल की समान अवधि में थोक महंगाई दर 10.74 फीसदी पर थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित थोक महंगाई दर अप्रैल 2022 में 15.08 फीसदी पहुंच गई है। आंकड़ों के मुताबिक खाने-पीने के सामान, ईंधन और बिजली की कीमतों में इजाफा होने से थोक महंगाई दर लगातार 13वें महीने दो अंकों में बनी हुई है। दरअसल, अप्रैल 2021 से थोक महंगाई दर दो अंकों में बनी हुई है।

## खबर संक्षेप

### प्रधानाध्यापक की गंदी करतूतों से शिक्षा विभाग कलंकित

**कोरांव।** कोराव में साजी के मिडिल विद्यालय में कक्षा छ में एडमिशन कराने गई छात्रा के साथ नियुक्त मात्र एक टीचर धूरिया द्वारा छेड़छाड़ किए जाने तथा दुराचार के प्रयास के आरोपी अध्यापक को छात्रा के परिजनों ने जम कर धुनाई कर दिया,उसी दिन से आरोपी टीचर फरार है,पुलिस के भी हाथ नही लग सका।

आरोपी टीचर संसारपुर मिडिल स्कूल से इसी तरह की घटना वर्ष 2018 में कारित करने पर धुनाई के बाद साजी में पोस्ट किया गया था। किंतु चर्चित और कूट रचित में माहिर गलत ढंग से सरकार को धोखा दे कर नौकरी हांशिल करने वाले उक्त अध्यापक ने तो पूरे विभाग को ही बदनाम कर दिया। और गुरु शिष्य के रिश्ते को तार तार कर दिया। फिलहाल पुलिस थाना कोरांव में रपट दर्ज होने के बाद पुलिस ने कई स्थानों पर दबिस दी,किंतु समाचार लिखे जाने तक गिरफ्तारी की सूचना नहीं मिली। आरोपी अध्यापक की पत्नी भी महुली स्कूल में टीचर है। जो जाति बदल कर नौकरी प्राप्त किए जाने के आरोप हैं। इसी तरह की कई घटनाएं इलाके में हुई किंतु पुलिस ने मामले को दबा रखा। कुछ महिला तो उचक्कों के द्वारा अपहरण का प्रयास किया और अश्लील हरकतें की अज्ञात बाइक सवार के विरुद्ध थाना कोरांव में रपट दिए जाने के बावजूद केस नहीं दर्ज किया गया। घटना ग्राम विरहा की है जो 28 मार्च 2022 को रात में घटी थी। पुलिस कप्तान को भी तहरीर दी गई आदेश भी हुए किंतु कोराव पुलिस केस नहीं दर्ज की। या फिर और कोई अप्रिय घटना की इंतजार है।

# जैकी गैंग ने चुराए थे कीमती आभूषणों से भरा बैग पुलिस ने गैंग के पांच लोगों को किया गिरफ्तार

## होटल में सक्रिय था गैंग, नजर हटते ही गहनों से भरा बैग गायब कर निकल गए थे गैंग के लोग

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज मे कीमती आभूषण चुराने वाले जैकी गैंग के पांच सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जज के भाई के पुत्र की सगाई में गायब कीमती आभूषण आदि चोरी का राजफाश पुलिस ने कर दिया है। होटल कान्?हा श्?याम में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अंतरराज्?यीय कुख्यात लुटेरे थे। पुलिस ने इस लुटेरे, चोर गिरोह का मंगलवार को भंडाफोड़ किया।शातिर व कुख्?यात जैकी गैंग के पांच सदस्?यों को पुलिस ने दबोचा है। उनके पास से असलहा, कारतूस व आभूषण आदि कीमती सामान भी बरामद हुए हैं। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। नगर के कैंट थाना क्षेत्र में रहने वाले जज के भाई के पुत्र की सगाई 12 मई को सिविल लाइंस स्थित कान्हा श्याम होटल में थी। वर पक्ष ने बैग में हीरे का हार, एक लाख रुपये नकद और आइफोन रखा था। सभी आपस में बातचीत कर रहे थे। इसी बीच किसी ने बैग उड़ा दिया। कुछ देर बाद जज के भाई को इसकी जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया था। पुलिस चोरों का पता लगाने का प्रयास कर रही थी। सिविल लाइंस स्थित निजी होटल में आयोजित जज की भतीजी की सगाई के दौरान हीरे के जेवरात चोरी के मामले में पुलिस ने जैकी कुमार सांसी, कुनाल कुमार, कोहिनूर, संतोष कुमार निवासी ग्राम कड़िया, थाना बोड़ा, जनपद राजगढ़ मध्य प्रदेश व रामू पटेल निवासी नैनी को गिरफ्तार किया। कड़िया की बीना, संगीता, राजेंद्र व नैनी का मकान मालिक पंकज सिंह फरार हैं। इसी बीच मंगलवार को शातिर और कुख्यात गैंग के पांच बदमाशों को पुलिस ने दबोचा। पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली। पुलिस के अनुसार इसमें कुख्यात जैकी गैंग सामने आया है। गैंग के बदमाश मूलतः, मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के रहने वाले हैं। कुछ बदमाश प्रयागराज निवासी हैं। इनका एक संगठित गिरोह है, जो ताबड़तोड़ घटनाएं करता है। पुलिस का कहना है कि सिविल लाइंस के कान्हा श्याम होटल में विगत 12 मई को घटित सनसनीखेज घटना से संबंधित कीमती जेवर, ऐप्पल कंपनी का आइफोन और हजारों की नकदी बरामद हुई है। पुलिस का कहना है कि घटना में बदमाशों द्वारा प्रयुक्त आल्टो कार और कई मोबाइल फोन भी बरामद हुए हैं। बदमाशों द्वारा राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के कई इलाकों में घटनाओं को अंजाम देते हैं। जहां घटना को अंजाम देते हें, गैंग के सदस्?य वहीं किराए का रूम लेकर रहते हैं। राजफाश करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रुपये इनाम दिया जाएगा।



पुलिस के गिरफ्त में गैंग के 5 सदस्य

# दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर अचानक ट्रेन के आगे कूदा युवक, मौत

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** मांडा थाना क्षेत्र के खुरमा का एक युवक दिघिया इलाके में दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग पर अचानक ट्रेन से आगे कूद गया। इससे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुचीं पुलिस ने शव की शिनाख्त कर सेजनो को जानकारी दी। रोते बिलखते स्वजन घटनास्थल पहुचें। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शाहत भेज दिया।मिली जानकारी के अनुसार, मांडा थाना क्षेत्र के खुरमा निवासी अनुभव द्विवेदी (20)पुत्र राम अवध द्विवेदी घर से बाजार के लिए बुधवार को निकला था। वह तकरीबन साढ़े दस बजे के आसपास दिघिया रेलवे फाटक के समीप दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग के अप लाइन से गुजर रही ट्रेन के आगे कूद गया। इससे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी पर आसपास के लोगो मे हड़कंप मच गया। लोगों ने मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस को दिया। सूचना पर मांडा थाना प्रभारी अरुण कुमार, दिघिया चौकी इंचार्ज राम बहादुर सिंह, उपनिरीक्षक सुभाष यादव भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुचें। पुलिस ने मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड से शव की शिनाख्त किया। इसके बाद स्वजनों को घटना की जानकारी दिया। उक्त सूचना पर रोते बिलखते स्वजन भी घटनास्थल पहुचें।वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम हेतु शहर भेज दिया।उक्त प्रकरण में दिघिया चौकी इंचार्ज राम बहादुर सिंह ने बताया कि मृतक के स्वजनों द्वारा अभी तक तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

### पूर्व विशेष सचिव के घर में घुसकर मारपीट, फायरिंग

**प्रयागराज।** अल्लापुर में पूर्व विशेष सचिव श्यामधर पांडेय के घर में घुसकर मारपीट और फायरिंग का मामला सामने आया है। सूचना पर पहुंची जॉर्जटाउन पुलिस ने छानबीन की और एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मुख्य आरोपी अमित पासी फरार है। पुलिस ने बताया कि अल्लापुर निवासी रिटायर अफसर श्यामधर पांडेय के घर के सामने अमित पासी का मकान है। वह पुलिस रिकॉर्ड में अपराधी है। रविवार रात पूर्व सचिव का बेटा अरुण पांडेय सामान लेकर घर लौट रहा था। रास्ते में सड़क पर अमित पासी की गाड़ी खड़ी थी। अरुण पांडेय ने गाड़ी सड़क से किनारे लगाने को कहा। इस बात पर अरुण पांडेय और अमित पासी के परिजनों में विवाद हो गया। गाली-गलौच के बाद माहौल बिगड़ गया। आरोप है कि अमित पासी अपने भाई अरविंद पासी के साथ श्यामधर पांडेय के घर में घुस गया और उनके बेटे से मारपीट की। विरोध करने पर गोली चला कर सनसनी फैला दी। वारदात अंजाम देने के बाद भाग निकला। सूचना पर जॉर्जटाउन थाना प्रभारी बृजेश सिंह ने आरोपियों की तलाश में छापामारी की। देररात आरोपी अरविंद पासी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि इस मामले में दोनों भाइयों समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है।

# बारात पहुचने से पूर्व दुल्हा धता देकर बीच रास्ते से प्रेमिका के साथ फरार

## दूल्हा अपनी प्रेमिका को लेकर फरार हो गया बराती करते रहे इंतजार

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** बारात जाने के लिए बाराती घर आ गए थे तथा वाहन पर सभी बाराती बैठ गए ।और दुल्हा की गाडी भी घर से रवाना हो गई । रास्ते में दुल्हा अकेले जरूरी काम के लिए कह कर सभी को रोका और निकल लिया। घंटों इंतजार के बाद जब दुल्हा नहीं आया तो सभी परेशान हो कर फोन लगाए । परन्तु फोन बंद था ।फिर कार चालक के पास लगाए ।चालक ने बताया कि वह भाडा पा गया है दुल्हा के बारे में पूछने पर चालक ने बताया कि वह और एक लडकी प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर गए और उसे भाडा दिए वह घर आ गया । यह सुनकर सभी बारातियों के पैरों तले जमीन खिसक गयी।तथा धीरे धीरे सारे बाराती उदास चेहरा लिए। अपने अपने घरों को बैरंग लौट गए । वर पक्ष ने वधू पक्ष को फोन करके सारी बात बता दी ।घर को वापस लौट आए । कन्या पक्ष के दर्जनों लोग आए घंटों पंचायत के बाद एक दूसरे का लेन देन अदा किए और चले गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव का एक युवक से बहरिया क्षेत्र के एक गांव की एक युवती से प्रेम प्रपंच चल रहा था । जब युवक के परिजनों को मालूम हुआ तो वह तत्काल प्रतापगढ़ क्षेत्र में लड़की देख कर शादी की तारीख तक रख दिए । यह सुन कर युवक घर में कोहराम मचा दिया परन्तु बडे बुजुर्गो के आगे एक न चली । युवक सारी बातें फोन से अपने प्रेमिका को बता दिया।बताते हैं कि युवक प्रेमिका को प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर पहुंचने की बात कही उसी दिन युवक की बारात भी निकालनी थी । उधर कन्या पक्ष सभी तैयारी करके बारात का इंतजार करने लगे । बाद में जब यह पता चला कि वर बीच रास्ते से फरार हो गया है और अपनी प्रेमिका को लेकर कहीं निकल गया है । यह सुन कर हंगामा खड़ा हो गया । बताया गया है कि कन्या पक्ष के एक दर्जन लोग मऊआइमा उक्त गांव में आए जम कर बहस हुई बिरादरी की पंचायत के बाद कन्या पक्ष का शादी का खर्च वर पक्ष को देना पडा । वधू पक्ष गालियां बकते हुए चले गए । बाद में पता चला कि वर अपनी प्रेमिका को लेकर पंजाब चला गया है । उक्त घटना का क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# ग्यारह हजार करेन्ट के चपेट में आने से भूसा लदी पिकप जली


धू-धूकर जलती पिकप

अखंड भारत संदेश

**लेडियारी।** खीरी थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत बहरैचा रोड के किनारे ग्यारह हजार करेन्ट के चपेट में आने से भूसा लदी पीकब जलने लगी ड्राइवर चतुराई दिखाते हुए गाड़ी छोड़ कर बाहर भाग कर अपनी जान बचाई गाड़ी मालिक को फोन कर अवगत कराते हुए थाना अध्यक्ष खीरी अनिल बर्मा को जानकारी पीकब जल रही अवगत कराया तो थाना अध्यक्ष मामले को गंभीरता से लेते हुए फायर ब्रिगेड को जानकारी देते हुए अस्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों के सहयोग एवं फायर ब्रिगेड के सहयोग से आग पर काबू पाया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी गाड़ी काफी जल गई है गाड़ी मालिक इटवा निवासी नन्द लाल केसरवानी की बताई जा रही है गाड़ी नम्बर व ढ 70 ङ्ढ 3189 है ग्रामीणों ने बिधुत बिभाग से तार को टाइट करने की मांग की है।

### रेप के आरोपी सिपाही के खिलाफ भेजी रिपोर्ट

**प्रयागराज।** प्रतियोगी छात्रा से ट्रेन में दोस्ती करके रेप करने वाले आरोपी सिपाही ललित कुमार के खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी शुरू हो गई है। खुल्दाबाद पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी और एफआईआर की रिपोर्ट अलीगढ़ जीआरपी को भेज दी है। उसे निलंबित करके आगे की कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि बिहार की एक छात्रा ने फिरोजाबाद के सिपाही ललित कुमार के खिलाफ रेप की एफआईआर दर्ज कराई थी। आरोप था कि बीते 9 मई को नेताजी एक्सप्रेस ट्रेन से लौटते वक्त उसके पास टिकट नहीं था। ट्रेन में ड्यूटी कर रहे ललित से उसकी दोस्ती हो गई। मदद के नाम पर उसने प्रयागराज स्टेशन पर उतार लिया। पिस्टल दिखाकर उसे होटल में ले गया और रेप किया। अगले दिन वह बिहार पीसीएस की परीक्षा देने चली गई। वहां से लौटने के बाद सिपाही ललित के खिलाफ खुल्दाबाद थाने में मुकदमा दर्ज कराया। खुल्दाबाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज करके बीते शनिवार को सिपाही ललित को जेल भेज दिया था।

# खनन माफियाओं की धर पकड़ शुरू,दो रगड़े गए पहुंचे जेल

### यूपी एमपी सीमा से लेकर पत्थर और बालू खनन का करते थे व्यापार

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** कोराव पुलिस ने पत्थर बालू खनन माफियाओं पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। कोरांव पुलिस ने दो अवैध खनन कारोबारी को गिरफतार कर जेल भेज दिया।

बतादें कि इंस्पेक्टर कोरांव धीरेंद्र प्रताप सिंह गश्त में थे कि उन्हें अवैध खनन करने वाले लोगों को सूचना पाते है मह ट्रैक्टर सहित गिरफ्तार कर लिया। थाना कोरांव में स्थित ग्राम बांस गांव में बेलन नदी के किनारे अवैध खनन की रेत सहित तीन ट्रैक्टर पकड़े,और मनोज कुमार सिंह पटेल पुत्र अमर बहादुर सिंह पटेल ग्राम बलापुर पैतिहा और शेर बहादुर सिंह उर्फ राजू सिंह पुत्र कमल भान सिंह ग्राम लखन पुर बरौंहा को मुकद्दमा अपराध संख्या 183/22 तथा अपराध संख्या 184/22 धारा एवं अपराध संख्या 185/2022 धारा 379/411आईपीसी,धारा 3/57/7और धारा 4/21 खान व खनिज अधिनियम आदि में दर्ज कर वाहन खनन सामग्रियां सहित बरामद कर दोनो को जेल भेज दिया। वंश नारायण यादव एस आई तथा सौरभ कुमार एस आई अपने हमराहीयों कांस्टेबिल्स के साथ गिरफ्तारी में थे। जिससे खनन कर्ता गण चिंतित हैं। उक्त अपराधियों में कुछ मध्य प्रदेश सासन द्वारा भी कई बार गिरफतारी माल बरामदगी आदि कार्यवाहीयां हो चुकी हैं। कुछ वांटेड भी हैं।

### लीजेंड दादा साहेब फाल्के अवार्ड से नवाजे गए हिमांशु यादव

**झूंसी।** फिल्म निर्देशक हिमांशु यादव को लीजेंड दादा साहेब फाल्के अवार्ड से नवाजा गया है। बीते दिनों अवार्ड फंक्शन सपनों के शहर मुंबई के अँधेरी स्थिय मेयर हाल में कृष्णा चौहान फाउंडेशन द्वारा लीजेंड दादा साहब फाल्के अवार्ड का भव्य आयोजन किया गया। जहा हिमांशु को सम्मानित किया गया। झूँसी के हिमांशु यादव भोजपुरी व हिंदी गानों के दर्जनों एल्बम के साथ दो फिल्म का भी निर्देशन किया है। जोकी काफी लोकप्रिय हुए जिसके लिए हिमांशु को सम्मानित किया गया। इस मौके पर निर्देशक व निमार्ता श्याम कमल यादव व प्रोडक्शन हेड अरविंद यादव व जुबेर अली खान ने दादा साहब फाल्के अवार्ड मिलने पर हिमांशु यादव को बधाई दी, साथ की शुभकामनाएं दी कि इसी तरह नाम रोशन करते रहे सिनेमा जगत में।



फिल्म निर्देशक हिमांशु यादव

### गैंगरेप का आरोपी 3 साल बाद हुआ गिरफ्तार

**प्रयागराज।** अतरसुइया पुलिस ने गैंगरेप के मुकदमे में तीन साल से फरार चल रहे कौशाम्बी निवासी छोटू लाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि कौशाम्बी में अपने मामा के यहां रहने वाली युवती की विकास से दोस्ती थी। विकास दिल्ली में रहता था। 2019 में उसने युवती को दिल्ली बुलाने के लिए अपने साथी छोटू की मदद ली। 25 अक्तूबर 2019 को छोटू युवती को कौशाम्बी से लेकर प्रयागराज जंक्शन पहुंचा, लेकिन उस दिन ट्रेन से वह दिल्ली नहीं जा सकी। फोन पर विकास के कहने पर युवती बलुआघाट स्थित उसके कमरे में रुकने चली गई। उस कमरे में पहले से अनुज और शिव कुमार मौजूद थे। युवती ने अगले दिन आरोप लगाया था विकास के तीनों दोस्तों ने मिलकर उसके साथ रेप किया। इस केस में अनुज और शिव कुमार को पुलिस जेल भेज चुकी है। तीसरा आरोपी सोमवार को जेल भेजा गया। लेकिन मुख्य आरोपी युवती का प्रेमी विकास अभी भी फरार है।

# क्लीनिक के बाहर खडी कार का शीशा तोड़कर चोरों ने 97 हजार किया पार

अखंड भारत संदेश

**करछना।** थाना के भीरपुर रिपोर्टिंग पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत कटका बाजार स्थित बीती रात अज्ञात चोरों ने क्लीनिक के बाहर खड़ी कार की शीशा तोड़कर उसमें रखा गया 97 हजार रुपए को पार कर दिया, सुबह घटना की जानकारी होने पर हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मेजा खास निवासी आनंद कुमार प्रजापति पुत्र तौलन राम प्रजापति करछना क्षेत्र के कटका गांव स्थित मिजार्पुर प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग के बगल क्लीनिक खोल रखी है। सोमवार को देर रात होने पर वह रोजाना की तरह क्लीनिक को बंद कर अपनी अल्टो मारुति कार दरवाजे के बाहर लाककर सोने चले गए थे। जिसमें 97 हजार रुपए भी रखा था। उसी बीच देर रात होने पर अज्ञात चोरों ने कार के शीशे को तोड़कर उसमें रखा गया पूरे पैसे को उड़ा ले गए। सुबह जब घटना की जानकारी हुई तो आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी भुक्तभोगी ने फोन के माध्यम से डायल 112, व स्थानी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर चली गई। मामले को लेकर भुक्तभोगी ने भीरपुर चौकी पर शिकायत करते हुए कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। वही 3 दिन पूर्व में भी देर रात 8:30 बजे के करीब उक्त गांव के सामने मार्ग से गुजरते समय कार्यक्रम से लौट रही बैग लेकर बाइक पर बैठी एक महिला के साथ पल्सर सवार अज्ञात बदमाशों ने छिनौती करने का प्रयास किया था।

लगातार क्षेत्र में हो रही चोरी व छिनौती की घटनाओं से लोगों में भय व दहशत व्याप्त है। जबकि शासन व उच्चाधिकारियों द्वारा सभी थाना व चौकी प्रभारियों से शांति सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने अपने क्षेत्र के भीड़ भाड़ इलाके व बाजारों में गश्त करने के लिए निर्देशित किया गया है। लेकिन संबंधित कर्मचारी गश्त के नाम पर खानापूर्ति करते हुए फोटो खिंचवा कर पोस्ट कर देते हैं। जिससे चोरों व उचक्को के हौसले बुलंद है, और आए दिन कहीं न कहीं चोरी व छिनौती की घटना को अंजाम दे रहे हैं।

## न्यूज झरोखा

### मदर टेरेसा फाउंडेशन द्वारा लगाए गए प्याऊ जल



**प्रयागराज।** तपती गर्मी को देखते हुये मदर टेरेसा फाउन्डेशन जगह जगह शहर मे पानी का मटका रख रही है जिससे कोई प्यासा ना रह पाये मदर टेरेसा फाउंडेशन के नगर महासचिव व समाजसेवी गुफरान खान, समाज सेवीका निशा मिश्रा द्वारा आज शिव मंदिर कर्नलगंज पर पानी का मटका रक्खा और आने जाने वाले राहगीरों को पानी पिलाया समाजसेवी गुफरान खान व निशा मिश्रा ने कहा कि प्यासे लोगों को पानी पिलाना सबसे बड़ा सवाब का काम है,दो मटका हनुमान मंदिर बंधवा संगम पर रखवाया गया?,दो मटका चौदह पीर दरगाह पर रखवाया गया और वहीं के लोगो से मटके में पानी और साफ सफाई के लिये कहा गया।गुफरान खान,निशा मिश्रा, मोहम्मद अस्करी अवधेश निषाद ,मनसूर आलम, जायका आदि उपस्थित थे और इनका संहयोग था।

### उच्चको ने एटीएम कार्ड बदलकर निकाले पैसे




**मेजा रोड।** क्षेत्र में चोर उच्चको का गिरोह इस तरह सक्रिय है कि पलक झपकते ही घटना को अंजाम दे रहे हैं। ऐसा ही एक मामला मेजा रोड बाजार के इंडिया वन एटीएम में मंगलवार सुबह देखने को मिला जहां पैसा निकालने आई युवती का एटीएम कार्ड बदलकर उचक्को ने तीस हजार रुपए पार कर दिए जिसे लेकर बाजार में हड़कंप की स्थिति बनी रही।मेजा थाना क्षेत्र के जरार गांव की पूजा देवी पुत्री रामाज्ञा प्रजापति इंडिया वन एटीएम में पैसा निकालने पहुंची थी। पैसा निकालने के दौरान उसका कार्ड एटीएम बूथ में फंस गया जहां मौजूद उचक्के ने मदद करने का भरोसा देकर युवती का एटीएम कार्ड बदल दिया और उसके अकाउंट से 30 हजार रुपए पार कर दिया। मोबाइल पर मैसेज आने के बाद युवती के होश उड़ गए। पीड़ित ने मेजारोड चौकी पर तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है। वहीं इस मामले में चौकी प्रभारी मेजारोड अमृत जायसवाल ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के हिसाब से उच्चके की तलाश की जा रही है जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### कराटे कोच राजेश सिंह ने वितरित किया प्रमाण पत्र



**करछना।** प्रयागराज परिषदीय विद्यालयों में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के दौरान अव्वल प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को करछना ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय भुण्डा में मंगलवार को बालिकाओं को कराटे के प्रमाण पत्र का वितरण किया गया । इस अवसर पर राजेश सिंह द्वारा बच्चों को उनके सर्वांगीण विकास के लिए जूडो कराटे को अपनी रक्षा सुरक्षा के लिए बिना किसी हथियार के अपने कौशलों द्वारा अहित करने वालों को उसका प्रत्युत्तर देने के लिए समर्थ एवं सक्षम बनाता है ।धरवारा संकुल संतोष कुमार द्वारा बालिकाओं को किसी भी विषम परिस्थितियों से निपटने के लिए उपयुक्त बनाता है ।अमित तिवारी ने कहा जूडो कराटे के नए-नए कौशलों द्वारा किसी भी अनहोनी घटना से बचने के लिए अपने विरोधी को अच्छा सबक सिखाने में सक्षम बनाता है । प्रधानाध्यापिका पूनम श्रीवास्तव ने कहा हम बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए अथवा सर्वांगीण विकास के लिए इस पहल द्वारा शासन को धन्यवाद देती हूं । इस मौके पर राजेश सिंह संतोष कुमार अमित कुमार तिवारी पूनम श्रीवास्तव मंजरी नीलम दिनेश सिंह अंकित अर्पित अंकित अमित शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

### गजब ! डेढ़ वर्ष पूर्व से छत पर टूट कर गिरा हाईटेंशन तार को अब तक नहीं हटा सकी बिजली विभाग



**घूरपुर।** प्रदेश में भाजपा की सरकार भले ही अन्य विभागों पर कुछ बदलाव कर लिया हो लेकिन बिजली विभाग पर सरकार का कोई जोर नही चलता नहीं दिख रहा है। इस विभाग का अक्सर अजीबो गरीब हालात देखने को मिल जाता है। इसी तरह क्षेत्र के बादलगंज रीवा रोड स्थित एक घर के छत पर 11 हजार बोल्टेज का तार टूट कर गिर गया। दर्जनों बार शिकायतो के बावजूद विभाग डेढ़ वर्ष बीत जाने के बाद भी छत से तार नहीं हटा सकी है। घूरपुर क्षेत्र के बादलगंज रीवा रोड स्थित राज किशोर विश्वकर्मा का पक्का आवासीय घर है। विगत डेढ़ वर्ष पूर्व घर के पास बिजली के पोल में अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे 11 हजार बोल्टेज का तार टूट कर घर पर गिर पड़ा जिससे पूरे घर में बिजली दौड़ गई जिसमे कई बच्चे झुलस गए थे। उसी पोल पर दस केबिए का ट्रांसफार्मर भी लगा था जो क्षतिग्रस्त हो गया था। उसके बाद से दर्जनों बार विभाग के आला अधिकारियों के पास शिकायत की गई बावजूद छत पर गिरा तार और पोल नहीं हटाया जा सका। परिजनो ने बताया कि छत पर गिरे तार पर कभी कभी हवाई बिजली आ जाती है। जिससे जान का खतरा बना रहता है। किसी काम के लिए भी डर की वजह से नहीं जाया जाता है।परिजनो ने जिलाधिकारी से उक्त मामले को निस्तारण कराए जाने की मांग की है।

### कानून व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस की कार्यवाही,कई गिरफ्तार



**कोरांव।** पुलिस ने थाना कोराव में दर्ज क्राइम नंबर 188/ 2022 धारा 366आईपीसी के मुलजिम आशीष कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी दारागंज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बता दें कि उक्त अपराधी ने एक रेशमा नमक महिला का अपहरण किया था। जिसे कोरांव पुलिस ने मेजा रोड तिराहे से गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार महुली ग्राम से शांति भंग में दो और संसारपुर से एक को गिरफ्तार कर चालान किया।

### एक उपभोक्ता से बहसबाजी पर जेई ने काट दी पूरे गांव की बिजली



**घूरपुर।** घूरपुर क्षेत्र के बादलगंज गांव में जांच पड़ताल के दौरान एक उपभोक्ता से बिजली की बिल को लेकर कहासुनी हो गई तो जेई ने पूरे गांव की बिजली ही काट दी।जिससे 24 घंटे से ग्रामीण गर्मी से बेहाल हैं। जेई के इस कृत्य से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। सोमवार की सांयकाल भीटा विद्युत उपकेंद्र के जेई अपने टीम के साथ बकाया बिल की जांच पड़ताल करने बादलगंज गांव पहुंचे तो इसी दौरान एक उपभोक्ता से बकाया बिल को लेकर संबन्धित जेई से नोकझोक हो गई। जिससे नाराज जेई 100 केविए के ट्रांसफार्मर से पूरे गांव की बिजली ही कटवा दी। सोमवार से मंगलवार शाम तक ग्रामीण भीषण तपिश से बेहाल रहे। जेई के इस कृत्य से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। उक्त बावत संबन्धित जेई आशीष कुमार ने कहा कि पड़ताल के दौरान ग्रामीणों ने न तो कोई कनेक्शन दिखाया न ही बिजली का बिल इसलिए विजली काट दी गई है लोग कनेक्शन दिखाए गे तो बिजली जोड़ दी जायेगी। बहसबाजी की वजह से नहीं काटी गई ये तो अब आमबात हो गई है।

# रुपए के लेन-देन को लेकर आशीष त्रिपाठी को मारी गई गोली, हालत गंभीर

## जसरा बाजार के रहने वाले व्यापारी के ऊपर गोली मारने का लगा इल्जाम, आशीष के गर्दन व पेट में लगी है गोली, हालत बनी है गंभीर

अखंड भारत संदेश

**जसरा।** जनपद के यमुनापार में पांडर पेट्रोल पंप कालिका का पूरा के पास आशीष त्रिपाठी उर्फ गुड्डु (35) को मंगलवार शाम चार गोलियां मारी गईं। तीन गोली उसके पेट और एक गर्दन में लगी है। उसे स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। जसरा बाजार के रहने वाले व्यापारी धर्मेंद्र केसरवानी पर गोली मारने का आरोप लगा है। बारा पुलिस के मुताबिक अभी तक की जांच में रुपये के लेन-देन को लेकर घटना की बात सामने आ रही है।


घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़


गोली से घायल जमीन पर पड़ा आशीष त्रिपाठी


घटनास्थल पर बदहवास अवस्था में पहुंचे परिजन

**गोलियों की तड़तड़ाहट से फैल गई थी दहशत :**

बारा में पांडर गांव निवासी मंगला प्रसाद त्रिपाठी सेवानिवृत्त शिक्षक हैं। उनके तीन पुत्रों में सबसे बड़ा आशीष त्रिपाठी मंगलवार शाम जसरा बाजार स्थित धर्मेंद्र केसरवानी के किराने की दुकान पर गया था। यहां धर्मेंद्र के घरवालों से उसकी कुछ कहासुनी हुई। इसके बाद वह बाइक लेकर पांडर पेट्रोल पंप कालिका का पूरा के पास पहुंचा।

यहां धर्मेंद्र की सीमेंट की दुकान है। दुकान की देखरेख उसका पुत्र करता है। यहां भी कुछ विवाद हुआ। अभी झगड़ा चल ही रहा था कि पीछे से धर्मेंद्र केसरवानी बाइक से पहुंचा। इसके बाद उसने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से आशीष पर गोलियां बरसा दीं। चार गोली लगते ही आशीष वहीं खून से लथपथ होकर गिर पड़ा।

**पिस्टल लहराते हुए भाग गया आरोपित हमलावर**

धर्मेंद्र पिस्टल लहराते हुए वहां से भाग गया। कुछ देर बाद स्वजनों के साथ बारा पुलिस मौके पर पहुंची। घायल युवक को स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया। एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित का कहना है कि आशीष के घरवालों ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है, जिस कारण मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। धर्मेंद्र की तलाश की जा रही है। उसके घरवालों से पूछताछ की गई तो बताया गया कि आशीष ने आठ बोरी सीमेंट लिया था। इसके रुपये नहीं दिए थे। मंगलवार को वह फिर दो बोरी सीमेंट मांग रहा था, जिस पर पिछला रुपये देने को कहा गया। इसी बात को लेकर विवाद हुआ था। हालांकि, मामले की जांच की जा रही है। दुकान बंद कर दुबक गए लोगताबड़तोड़ फायरिंग से घटनास्थल के आसपास रहने वाले लोगों में अफरातफरी मच गई । दुकानदार दुकान बंद कर भीतर ही दुबक गए। पुलिस जब मौके पर पहुंची, तब जाकर लोग दुकान और घरों से बाहर निकले। उधर, जसरा बाजार के व्यापारियों को घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने भी दुकानें बंद कर दी।

# नैनी थाना प्रभारी समेत पांच पुलिसकर्मी हुए निलंबित

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** शहर में चोरी करने वाले जैकी गैंग के अपराधी नैनी में सट्टा किंग पंकज सिंह के घर में छिपे थे लेकिन पुलिसवालों को भनक नही लगी। यह वही पंकज सिंह है जिसके साथ एडीजी के एसओजी प्रभारी वृंदावन राय का गलबहियां करते वीडियो वायरल हुआ था। वृंदावन भी पंकज और बाकी अपराधियों के प्रति आंखें मूंद रहे जबकि जनपद पुलिस उनकी तलाश में एमपी में भटक रही थी। अब जैकी गैंग के पकड़े जाने पर जब पुलिस की यह लापरवाही सामने आई तो एसएसपी अजय कुमार ने नैनी थाना प्रभारी कुशलपाल सिंह और दो दारोगा समेत पांच पुलिसवालों को निलंबित कर दिया है। यह भी जांच होगी कि इन पुलिसवालों का अपराधियों से कनेक्शन कितना गहरा था।

**पुलिस ने की छापेमारी तो फरार**

**पुलिस वालों का अपराधियों से कितना गहरा नाता**

जब एसएसपी को पता चला कि जैकी गैंग के अपराधी मध्य प्रदेश से आकर 10 महीने से नैनी के चक रघुनाथ नगर मोहल्ले में कुख्यात पंकज सिंह के मकान में टिका था तो वे बेहद नाराज हुए। 10 महीने से यह गैंग अपराधी के घर में शरण लेकर घटनाएं अंजाम दे रहा था लेकिन नैनी थाने की पुलिस को भनक तक नहीं लगी। इसे घोर लापरवाही और काम के प्रति उदासीनता माना गया। एसएसपी ने इस निकम्मेपन पर थाना प्रभारी नैनी कुशलपाल सिंह, 02 दारोगाओं आशीष यादव और यशकरन यादव, 02 बीट आरक्षी अजीत प्रजापति तथा मिश्री लाल पर निलंबन की कार्यवाही की गई है ।थाना प्रभारी के साथ ही चौकी प्रभारियों और बीट के सिपाहियों को भी कुछ पता न चलना संभव नहीं है। ऐसे में पुलिसवालों की अपराधियों से मिलीभगत की आशंका है। एसएसपी का कहना है कि सरकारी कार्यों में जान बूझकर लापरवाही करने वाले, जनता से खराब व्यवहार करने वाले और भ्रष्टाचारी, कदाचारी, अपराधियों, दबंगों, जुआरियों, सट्टेबाजों तथा दलालों से साठगांठ रखने वाले पुलिसकर्मियों को किसी भी सूरत में कतई बख़्शा नहीं जाएगा।

**हो गया सट्टा किंग :**

12 मई को सिविल लाइंस के होटल में जज के भाई की शादी समारोह में चोरी करने वाले अपराधियों के बारे में पता चला कि वे मध्य प्रदेश के जैकी गैंग से जुड़े है। इस गैंग के अपराधी अलग-अलग राज्यों में जाकर शादी समारोहों में चोरी करते हैं। छानबीन के दौरान जानकारी मिली कि जैकी गैंग नैनी में सट्टेबाज पंकज सिंह के किराए के घर में शरण लेता है। इस बारे में गोपनीय जानकारी जुटाकर पुलिस ने छापेमारी की तो जैकी गैंग के अपराधी पकड़ में आ गए लेकिन सट्टेबाज पंकज समेत कई लोग फरार हो गए।

## फूलपुर में स्कार्पियो की टक्कर से पिता-पुत्री की मौत, हड़कंप

**फूलपुर।** फूलपुर मे स्कार्पियो गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्री की मौत हो गई। जिससे हड़कंप मच गया। सुचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच शवों को कब्जे में ले लिया। **शादी में जा रहे थे दोनों बाप-बेटी :** मिली जानकारी के अनुसार फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के कसरावद चक अवलिया निवासी 58 वर्षीय मौजी लाल पटेल दोपहर करीब 12 बजे 25 वर्षीय पुत्री साधना के साथ मोपेड पर एक शादी समारोह में शामिल होने के लिये जा रहे थे। वरुणा से उग्रसेनपुर जाने वाले मार्ग पर स्थित खोजापुर गांव के सामने हादसा हुआ। ज?यों ही मोपेड खोजापुर गांव के समीप पहुंची, तेज रफ्तार से आ रही स्कार्पियो ने मोपेड में टक्कर मार दिया। स?कार्पियो की टक?कर से दो पहिया वाहन सवार मौजी लाल पटेल और उनकी पुत्री साधना दूर जा गिरी। **मौके से भाग निकला स्कॉर्पियो चालक :** हादसे के बाद जब तक आसपास के लोग जुटते स?कार्पियो लेकर चालक फरार हो चुका था। इसी बीच सूचना पाकर फूलपुर थाने की पुलिस भी पहुंची। हालांकि तब तक पिता-पुत्री की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शवों को कब?जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर जानकारी होने पर मौजी लाल के परिवार के लोग बिलखते हुए पहुंचे। परिजनों मे कोहराम मचा हुआ है।

## नवविवाहिता की छत से गिरकर मौत मायके वालों ने लगाया दहेज हत्या का आरोप, मुकदमा दर्ज, सास गिरफ्तार

**प्रयागराज।** जार्जटाउन थाना अंतर्गत तुलारामबाग क्षेत्र में रहने वाली एक महिला की छत से गिरने के बाद मौत हो गई। जानकारी पर पहुंचे मायके वालों ने ससुरालजनों पर दहेज के लिए बेटी को मारने का आरोप लगाया। मायके वालों की तहरीर के बाद पुलिस ने दहेह हत्या का मुकदमा दर्ज करने के साथ आज शाम सास को गिरफ्तार कर लिया। **6 महीने पूर्व हुई थी महिला की शादी :** जार्जटाउन के बाबाजी का बाग निवासी मनोहरलाल ने अपनी 28 वर्षीय बेटी अर्चना की शादी छह माह पूर्व इसी थाना क्षेत्र के तुलारामबाग निवासी पंकज कुमार के साथ की थी। सोमवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में अर्चना की ससुराल के तुलारामबाग के घर की छत से गिरकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दिया। इसी बीच मृतका के मायके वाले पहुंचे और मारपीट करके उसकी हत्या करने की तहरीर दी। पुलिस तहरीर लेकर दहेज हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर दिया है। साथ ही सास को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य लोगों के खिलाफ भी वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। जार्ज टाउन इंस्पेक्टर ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# यूपी टीईटी प्रमाण पत्र जारी करने पर लगी रोक बढ़ी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी टीईटी पास करने वाले बीएड डिग्री धारकों को पात्रता प्रमाण पत्र जारी करने पर पहले से लगाई गई रोक को बरकरार रखा है। कोर्ट ने स्थगन आदेश को बढ़ाते हुए एनसीटीई को 14 जुलाई तक जवाब दाखिल करने को कहा है। यह आदेश जस्टिस सिद्धार्थ ने प्रतीक मिश्रा और चार अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है।

**14 जुलाई को जवाब दाखिल करने का आदेश दिया**

**बीएड डिग्री धारक प्राथमिक स्कूलों में पढ़ाने के पात्र नहीं**

याची पक्ष का तर्क है कि राजस्थान हाईकोर्ट ने एनसीटीई (नेशनल कौंसिल फॉर टीचर एजूकेशन) के 28 जून 2018 के उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें बीएड डिग्री धारकों को भी प्राथमिक स्कूलों में पढ़ाने के लिए पात्र माना गया है। कहा गया कि जब नोटिफिकेशन ही रद्द कर दिया गया है तो बीएड डिग्री धारक प्राथमिक स्कूलों में पढ़ाने के पात्र ही नहीं रहे। लिहाजा टीईटी 2021 पास करने वाले बीएड डिग्री धारकों को पात्रता प्रमाण पत्र न जारी किए जाएं। कोर्ट ने तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए टीईटी 2021 में क्वालीफाई करने वाले बीएड डिग्री धारकों को पात्रता प्रमाण पत्र अगली सुनवाई तक न जारी करने का आदेश दिया। साथ ही परीक्षा नियामक प्राधिकारी से जानकारी देने को कहा है।

**बीएड डिग्री धारकों को प्रमाण पत्र जारी करने पर है विवाद :**

इसके पहले कोर्ट ने 12 मई को हुई सुनवाई में राजस्थान हाईकोर्ट के फैसले को देखते हुए सरकार से जानकारी देने को कहा था। इसके साथ ही यूपी टीईटी पास करने वाले बीएड डिग्री धारकों को पात्रता प्रमाण पत्र जारी करने पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने सरकार से पूछा था कि राजस्थान हाईकोर्ट के फैसले को देखते हुए क्या सरकार ने कोई निर्देश जारी किया है ।मंगलवार को सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से कहा गया कि एनसीटीई जब तक नोटिफिकेशन जारी नहीं करेगी, वह कुछ नहीं कर सकती है। तो कोर्ट ने एनसीटीई को नोटिस जारी करते हुए जवाब दाखिल करने को कहा। मामले की सुनवाई अब जुलाई में होगी। याची पक्ष के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि मामले में यूपी सरकार और एनसीटीई दोनों बच रहे हैं। वे स्थिति को स्पष्ट नहीं कर रहे हैं।



# देबि पुजि पद कमल तुम्हारे...सुर नर मुनि सब होहिं सुखारे

**जंघई।** चंद्रमौलेश्वर धाम चनेथू प्रांगण में मंगलवार को सुंदर काण्ड का आयोजन किया गया जिसमें सभी ग्रामीणों ने पूजन अर्चन एवं प्रसाद ग्रहण किया। जिसमें महेशानंद महाराज, शिवशंकर दुबे सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

## चार अदद देसी बम के साथ एक शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रयागराज।** जनपद प्रयागराज नगर थाना पुलिस ने अपराधियो की धरपकड़ अभियान के दौरान आज चार देसी बम के साथ एक शातिर ब्यक्ति को गिरफ्तार किया है थानाध्यक्ष के अनुसार पकड़े गये अभियुक्त के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही की गई। एसएसपी प्रयागराज अजय कुमार पाण्डेय द्वारा जिले में कानून ब्यवस्था कायम करने तथा शातिर अपराधियो की गिरफ्तारी करने हेतु दिए गाये आदेश व निर्देश का अनुपालन में लगे जार्जटाउन थाने के थानाध्यक्ष बृजेश सिंह के कुशल नेतृत्व में आज सोमवार चौकी प्रभारी अल्लापुर दिनेश कुमार अपने हमराही सिपाहियों के साथ चौकी क्षेत्र अल्लापुर पानी टंकी नया गांव क्षेत्र में अपराधियों की तलाश कर रहे थे तभी गांव के समीप थाना क्षेत्र के 117 ए नया गांव अल्लापुर निवासी दिलीप कुमार पुत्र स्व0 सत्तनलाल को चार देसी बम के साथ गिरफ्तार किया।पुलिस रिकार्ड के अनुसार गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ जार्जटाउन थाने में इसके पहले भी सात मुकदमे दर्ज हैं।



# करछना पुलिस टीम नें एंटी रोमियो टीम के साथ छात्रों को किया जागरूक

अखंड भारत संदेश

**करछना।** प्रयागराज थाना करछना क्षेत्र के स्कूलों में छात्र एवं छात्राओं को सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस जागरूक करने के लिए अभियान के तहत स्कूल में पढने वाले सभी छात्र एवं छात्राओं एंटी रोमियो टीम के साथ अभियान चला कर जागरूक करने मे अग्रसर कदम उठाए हुए हैं, इसी क्रम में एंटी रोमियो संघन चेकिग अभियान के तहत मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक उमा कांत यादव के नेतृत्व में महिला सिपाही गरिमा सिंह के साथ अपनी टीम मे शामिल साथियों के साथ भीरपुर पुलिस चौकी के अंतर्गत अनंतराम पाण्डेय इंटर कालेज पनासा में छात्र एवं छात्राओं को एंटी रोमियो टीम के साथ जागरूक कर अपनी सुरक्षा स्वयं कैसे करें और दूसरों को कैसे सुरक्षित रखने आदि के लिए जागरूक किया गया ।

# ग्राम रोजगार सेवक नियुक्ति पत्र केस : संविदा पर नियुक्त करने का आदेश जारी नहीं किया जा सकता : हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ग्राम रोजगार सेवक को नियुक्ति पत्र जारी करने से इंकार करने के एकलपीठ के आदेश को सही ठहराया। दो जजों की विशेष अपील खंडपीठ ने एकल जज के इस आदेश के खिलाफ अपील पर हस्तक्षेप से मना कर दिय। हाईकोर्ट ने कहा कि संविदा पर नियुक्त करने के लिए याचिका दायर नहीं की जा सकती।

**ग्राम रोजगार सेवक कोई पद नहीं :** एकलपीठ ने कहा था कि ग्राम रोजगार सेवक कोई पद नहीं है। एक से दो साल के लिए संविदा पर नियुक्त किया जाता है। संविदा पर नियुक्त करने का आदेश नहीं दिया जा सकता। याची क्षतिपूर्ति की मांग सकता है। जिसे विशेष अपील में चुनौती दी गई थी। खंडपीठ ने कहा कि अपीलार्थी ऐसा कोई कानून नहीं दिखा सका जिसके तहत उसे नियुक्ति पाने का अधिकार मिला हो ।यह आदेश न्यायमूर्ति एसपी केसरवानी तथा न्यायमूर्ति जयंत बनर्जी की खंडपीठ ने शैजाद खान की अपील को खारिज करते हुए दिया है। याची ने अलीगढ़ जिले के विकास खंड खैर की ग्राम पंचायत राजपुर को उसे ग्राम रोजगार सेवक नियुक्त करने का निर्देश जारी करने की याचिका दायर की थी। एकल पीठ ने इस याचिका को खारिज कर दिया था। जिसे अपील में चुनौती दी गई थी। **संविदा पर नियुक्ति को लेकर ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम :** कोर्ट ने 23 नवंबर 2007 के शासनादेश के हवाले से कहा कि संविदा पर नियुक्ति को लेकर ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम होगा। उसे ही याचिका में पक्षकार नहीं बनाया गया है। अन्य फैसले के हवाले से कोर्ट ने कहा कि अंतरिम आदेश से किसी के अधिकार का सृजन नहीं होता। संविदा पर नियुक्त करने का आदेश जारी करने के लिए याचिका दायर नहीं की जा सकती। कोर्ट ने संविदा पर नियुक्त करने की मांग खारिज करने के एकलपीठ के फैसले पर हस्तक्षेप करने से इंकार कर दिया है।

# विहिप प्रखंड प्रतापपुर द्वारा धर्म चर्चा एवं बैठक संपन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापपुर।** विश्व हिन्दू परिषद प्रखंड प्रतापपुर गंगापार द्वारा काशी में मुस्लिमों द्वारा अधिकृत ज्ञानवापी तीर्थ में सर्वे के दौरान मिले शिवलिंग के उपलक्ष्य में नगर मंत्री जंघई देवेन्द्र दुबे 'अनिल' के आवास पर स्थित मंदिर में पूजा अर्चना करके धर्म चर्चा एवं बैठक का आयोजन किया गया जिसमें माननीय न्यायालय एवं सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया गया साथ ही मथुरा और ताजमहल के सर्वे के लिए भी मांग की गई और समस्त हिन्दू समाज को आपस में एकता बनाए रखने की अपील की गई ।बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अशोक दुबे ने किया ।इस अवसर पर सत्संग प्रमुख आचार्य धीरज द्विवेदी ₹याज्ञिक₹, नगर अध्यक्ष जंघई अनूप जायसवाल, हरि गोविन्द दुबे पूजन, नागेश पांडेय, आदर्श दुबे, नागेन्द्र पांडेय, सूरज कुमार दुबे, पवन कुमार दुबे, मोनू सिंह, दर्श दुबे, राकेश विश्वकर्मा, विनोद विश्वकर्मा, राम करन विश्वकर्मा, अब्बास अली उर्फ चांद बाबू आदि लोग उपस्थित रहे।



## जागरूकता शिविर एवं महिला जन सुनवाई आज

**प्रयागराज ।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि सदस्य उ0प्र0 राज्य महिला आयोग सुश्री उषारानी के द्वारा आज प्रातः 11:00 बजे मिशन-शक्ति 4.0 के अन्तर्गत महिलाओं से सम्बंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं विषयक जागरूकता शिविर एवं महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन सर्किट हाउस, प्रयागराज के मीटिंग हाल में किया गया है। शिविर में उपस्थित व्यक्तियों को विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दिलाये जाने, योजनाओं से संबंधित साहित्य उपलबध कराये जाने के साथ ही पात्रों का सुसंगत योजनाओं यथासम्भव पंजीकरण भी कराया जाये। उ0प्र0 शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं यथा निराश्रित महिलाओं को पेंशन, आयुष्मान कार्ड बनवाये जाने, कन्या सुमंगला योजना से आच्छादित बालिकाओं को लाभ दिलाये जाने, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना के सम्बंध में प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता शिविर एवं महिला जन सुनवाई का आयोजन किया गया है।

# आंगनबाड़ी केंद्र में लगी आग, फायर ब्रिगेड की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** शिवकुटी थाना क्षेत्र के गोविंदपुर चिल्ला में मंगलवार सुबह 6 बजे आंगनबाड़ी केंद्र में अचानक आग लग गई। जब तक लोग कुछ समझ पाते आग बेकाबू होकर विकराल रूप में आ गई। स्थानीय लोगों ने 112 नंबर पर सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सुबह 6.15 बजे फायर ब्रिगेड की गाड़ी को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की गाड़ी करीब 7.45 पर गोविंदपुर पहुंच गई। आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचने में फायर ब्रिगेड को आधा घंटे लग गया। इससे पहले स्थानीय लोगों ने मोर्चा संभाला और आग को बुझाने की लगातार कोशिश की।



**16 साल से चल रहा है आंगनबाड़ी केंद्र**

मकान मालिक रमेश भारतीय ने बताया कि पिछले 16 साल से आंगनबाड़ी केंद्र संचालित किया जा रहा है। उनका कहना है कि इस केंद्र की संचालिका उनकी पत्नी है। इस आंगनबाड़ी केंद्र में करीब 30 बच्चे पढाई करते हैं। रमेश ने बताया कि यदि यही आग सुबह 8 बजे के बाद लगी होती तो भारी नुकसान हो सकता था। क्योंकि 8 बजे तक बच्चों का आना शुरू हो जाता है। उन्होंने बताया कि आग कैसे लगी, यह समझ में नहीं आ रहा है। उनका कहना है कि जहां पर आग लगी है। वहां पर बिजली का कोई कनेक्शन भी नहीं था ।चिल्ला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पूरी तरह घनी बस्ती के बीच में है। आग लगने के बाद अफरा-तफरी का माहौल रहा। आंगनबाड़ी केंद्र से सटे मकान के लोग परेशान रहे। लोगों का कहना था कि यदि आग और विकराल रूप लेती तो आसपास के घरों में आग पकड़ सकती थी।

# सत्संग धर्म पथ पर अग्रसर होने का मार्ग किया करता है मजबूतः राजगुरू

## मनीपुर मे हो रही भागवत कथा में उमड़े श्रद्धालु

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत के मनीपुर में हो रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन मंगलवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी दिखी। कथाव्यास राजगुरू पं. सर्वेशपति तिवारी ने कहा कि भगवान की कथा का श्रवण का साधन सत्संग की पवित्रता में है। उन्होंने कहा कि सत्संग में मनुष्य को धर्म पथ पर अग्रसर बने रहने का मार्ग प्रशस्त हुआ करता है।

कथाव्यास पं. सर्वेशपति तिवारी ने कहा कि भागवत कथा का सार यही है कि जीवन को सुचिता तथा भगवान के प्रति निर्मलता के साथ समर्पित करना चाहिये। उन्होनें कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने जगत के कल्याण के लिए अधर्म का विध्वंस कराया। उन्होने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की मयार्दा नीति तथा सत्य का साक्षात दर्पण है। कथाव्यास ने श्रद्धालुओं से कहा कि पुण्य को अर्जित करने और पाप से छुटकारा



भागवत कथा का श्रवण करते श्रद्धालु।

पाने के लिए जीवन की दैनिक व्यस्तताओं के बीच भी भगवान का सद्स्मरण करते रहना चाहिये। उन्होंने कहा कि परमात्मा की प्राप्ति का एक मात्र साधन भगवान के प्रति निर्मल मन से समर्पित होना है। कथा के दौरान राजगुरू के आध्यात्मिक भजनों को संगीतदल ने धुनि देते हुए श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। कथा के संयोजक समाजसेवी पं. गिरीश कुमार मिश्र एवं कमला देवी ने राजगुरू का वैदिक श्रीअभिषेक किया। सह संयोजक पं. माताफेर मिश्र ने श्रद्धालुओं का मांगलिक टीकाकरण किया। अधिवक्ता करूणाशंकर मिश्र एवं हरिशंकर मिश्र, अशोक तथा अनिल कथा विश्राम बेला में महाप्रसाद वितरण के प्रबंधन में सक्रिय दिखे। कथा श्रवण के दौरान डा. राजकुमार पाण्डेय, विशालमूर्ति मिश्र, डा. राजेन्द्र मिश्र, डा. ज्ञानेन्द्र नाथ त्रिपाठी, प्रो. राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल, अनिल त्रिपाठी महेश, भानु प्रताप सिंह, जमुना तिवारी, देवी प्रसाद मिश्र, केशवराम ओझा, छोटे लाल सरोज, मुन्ना तिवारी, विनोद मिश्र, दिवाकर नाथ शुक्ल, सालिक तिवारी आदि मौजूद रहे।

# बच्चों के विवाद में दो पक्ष भिड़े, आधा दर्जन घायल

## सभी जिला मेडिकल कालेज रेफर

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील क्षेत्र के कंधई थाना क्षेत्र के नरसिंहपुर गांव में बच्चों के विवाद में कहासुनी के बाद दो पक्ष आमने-सामने हो गए। इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडा, ईंट, पत्थर और हसिया, कुल्हाड़ी चले जिसमें दोनों पक्षों से आधा दर्जन लोग घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची कंधई पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी बाबा बेलखरनाथ धाम अस्पताल भेजा, वहां से गंभीर हालत को देखते हुए सभी को जिला मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया गया।

पट्टी तहसील क्षेत्र के नरसिंहपुर गांव निवासी पप्पू और हीरालाल के बच्चों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। रात नौ बजे इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई और दोनों पर एक दूसरे पर हमला बोल दिया जिसमें एक पक्ष से बड़की (45) पत्नी पप्पू वर्मा निर्मला (18) पुत्री पप्पू वर्मा



बच्चों के विवाद में हुई मारपीट में घायल युवक।

कुलदीप (25) पुत्र पप्पू किंशू (19) पुत्र पप्पू और दूसरे पक्ष से हीरालाल वर्मा (52) सुरसती (47) पत्नी हीरालाल घायल हो गए। एस ओ कंधई सत्येंद्र सिंह ने बताया कि बच्चों के विवाद में नरसिंहपुर गांव में दो पक्षों में मारपीट हुई है सभी को उपचार और मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## पांच देसी बम के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** थाना जेठवारा से उ0नि0 सुमित सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र के सण्डवा खास मोड़ के पास से एक व्यक्ति विशाल सिंह पुत्र चन्द्रभावन सिंह निवासी रेड़वीर, थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ को 05 अदद देसी बम के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 125/2022 धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# कालाकांकर ब्लाक में बिना मान्यता के नर्सरी स्कूलों की आई बाढ़

## जांच-पड़ताल करना मुनासिब नहीं समझ रहे अधिकारी

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रदेश की योगी सरकार बिना मान्यता प्राप्त नर्सरी स्कूलों के खिलाफ अभियान चलाने का बेसिक शिक्षा विभाग को कड़े निर्देश दे रखे हैं। उसके बाबजूद भी ब्लाक कालाकांकर में कुकुरमुत्ते की तरह नर्सरी स्कूलों की जांच पड़ताल करना मुनासिब नहीं समझा जा रहा है।

इतना ही नही सरकारी स्कूलों में दर्ज बच्चों की उपस्थिति पंजिका के साथ बच्चों की संख्या की भी जांच पड़ताल करने में अपनी आंखे बन्द किये हुए है। आज कल स्कूलों में शिक्षकों के साथ बच्चों की संख्या अधिकतर प्राइमरी व मीडिल स्कूलों में न के बराबर दिखाई दे रही है। कोई जांच पड़ताल करने वाला नही है। यही कारण है कि सरकारी स्कूलों में गिरती शिक्षा व्यवस्था को देखते हुए बच्चों के अभिभावक अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में भेजना ज्यादा उचित समझते है।

जब कि केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार सरकारी स्कूलों को हाई फाई करने के लिए पानी की तरह पैसा बहा रही है लेकिन शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी सरकार की सारी मेहनत पर पानी फेर रहे है। गिरती हुई सरकारी शिक्षा व्यवस्था के चलते प्राइवेट स्कूलों में बच्चों की संख्या तेजी से बढ़ती नजर आ रही है जिसके चलते मजबूर होकर बच्चों के अभिभावक प्राइवेट स्कूलों में मनमानी फीस मांगने पर देने को मजबूर हो रहे है। सबसे मजेदार बात यह है ब्लाक कालाकांकर के क्षेत्र में बहुत से ऐसे हिंदी व इंग्लिश मीडियम नर्सरी स्कूल खुले हुए है जिनके पास यदि रजिस्ट्रेशन है या नही। है तो भी हाई स्कूल से इंटर तक के बच्चों को पढ़ा रहे है। यदि सरकारी शिक्षा व्यवस्था का यही आलम रहा तो वह दिन दूर नही जब सरकारी स्कूलों में कोई अभिभावक अपने बच्चों को शिक्षा के लिए भेजने को तैयार नही होगे और स्कूलों में शिक्षक बिना बच्चों के आराम फरमा रहेंगे क्योकि स्कूलों में बच्चों का एडमिशन हो या न हो वेतन तो सरकार देगी ही जब कि सरकारी स्कूलों के रजिस्टर में बच्चों की संख्या ज्यादा रहती है और मौके पर कुछ और रहती है।

## एम्बुलेंस में गूंज उठी किलकारी

**परियावां, प्रतापगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कालाकांकर के अन्तर्गत बनेरा गांव में सोमवार की रात अचानक माया देबी पत्नी रंजीत को प्रसव पीड़ा होने लगी जिसे 102 फोन पर एम्बुलेंस यूपी 41 जी 2166 के पायलट वीरेंद्र व इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन दिनेश कुमार माया देबी को लेकर पी एस सी मानिकपुर ले जा रहे थे कि अचानक माया देबी को प्रसव पीड़ा असहनीय होने लगी जिस पर एम्बुलेंस को पायलट ने एक किनारे खड़ी करके रात लगभग 9 बजकर 40 मिनट पर सुरक्षित प्रसव कराया उसके जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ्य को मानिकपुर पी एस सी में भर्ती कराया जहाँ दोनों स्वस्थ्य बताये जा रहे है। जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ्य की खबर मिलते ही माया देबी के ससुराल व मायके में खुशी से सभी झूम उठे और एम्बुलेंस के पायलट के मेडिकल टेक्नीशियन की सराहना करते हुऐ धन्यवाद दिया।

# बुढ़वा मंगल पर जगह-जगह पिलाया गया शरबत

## भीषण गर्मी में शरबत पीकर लोग हुए निहाल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** आज बुढ़वा मंगल के अवसर पर शहर में जगह-जगह शरबत पिलाने का आयोजन किया गया था। भीषण गर्मी से बेहाल लोगों को जगह-जगह शरबत मिलना ज्यादा भाया। नगर के पंजाबी मार्केट में व्यापार मण्डल ने शरबत पिलाने का आयोजन किया था।

इसी प्रकार नगर के बाबागंज, कचहरी आदि स्थानों पर भी शरबत पिलाने का आयोजन किया गया। तेज धूप में लोग शरबत पीकर अपने को राहत महसूस कर रहे थे। इसी प्रकार का आयोजन प्रमुख बाजारों व हनुमान मंदिरों पर भी किया गया। बता दें कि इन दिनों का प्रकोप बहुत अधिक है। चिकित्सक भी अधिक से अधिक पानी का प्रयोग करने की सलाह दे रहे हैं। अस्पताल में ज्यादातर मरीज दस्त और हीटस्ट्रोक के आ रहे हैं। इससे बचने के लिये पेय पदार्थ पीना बहुत लाभदायक है। आज के दिन शरबत पिलाने का कार्यक्रम इसमें सहायक



बुढ़वा मंगल पर राहगीरों को शरबत पिलाते आयोजकगण।

हुआ। वैसे इस बार शहर में प्याऊ कम जगह पर दिखाई दे रहे हैं। इस पर भी लोगों को आगे आना चाहिये। अभी मई के महीने में गर्मी का प्रकोप इतना ज्यादा है तो जून में क्या होगा? यह स्थिति डरावनी हो सकती है। इस कारण लोग अधिक से अधिक पेय पदार्थ लें और गर्मी से बचें।

## सीएचसी मंदाह में में चोरी गये सामानों के साथ एक गिरफ्तार

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील के कंधई थाना क्षेत्र के अंतर्गत सीएचसी मंदाह में 4 मई की रात चोरी किये गये सीलिंग फैन के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया गया। पकड़े गये आरोपी ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि वह तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। बीते चार मई को पट्टी तहसील क्षेत्र के कंधई थाना क्षेत्र के मंदाह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दरवाजा तोड़कर स्वास्थ्य केंद्र के अंदर घुसे चोरो ने अस्पताल से कीमती सामान उठा ले गए थे। कंधई के थानाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने बताया कि बीते 4 मई की रात ताला तोड़कर सीएचसी मंदाह में सिलेंडर तथा सीलिंग फैन सहित अन्य सामानों की चोरी हुई थी।

जिस पर पुलिस मुखबिर के माध्यम से घटना में शामिल आरोपियों की तलाश कर रही थी। इसी दौरान साल्हीपुर मंदिर के पास थाने के उपनिरीक्षक घनश्याम सिंह ने एक संदिग्ध आरोपी को गिरफ्तार किया जिसमें अपना नाम इंद्रजीत उर्फ बबीन पुत्र राम सनेही निवासी साल्हीपुर बताया। गिरफ्तार आरोपी के पास से आधा दर्जन सीलिंग फैन को पुलिस ने बरामद किया। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का चालान किया है तथा घटना में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है।

# बेतरतीब कारों के जमाव से जिला महिला अस्पताल के सामने लगा जाम

## बैरीकेटिंग होने से कार खड़ी करके चले जाते हैं बाजार करने

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शहर में जिला महिला अस्पताल के सामने इन दिनों बडे. वाहनों को चैक की तरफ आने से रोके जाने से स्टेट बैंक से लेकर जिला महिला अस्पताल तक बेतरतीब ढंग से कारें खड़ी हो रही हैं जिससे इस भीषण गर्मी में आए दिन ऐसा जाम लग जाता है कि दुपहिया वाहनों का निकलना मुश्किल हो जाता है।

बता दें कि कार व बसों के आने से होने वाले जाम को




जिला महिला अस्पताल के सामने बेतरतीब ढंग से खड़े वाहन।

रोकने के लिये पुलिस ने जिला महिला अस्पताल के सामने बैरीकेटिंग लगा दिया है और यहां पर पुलिस कर्मी भी मौजूद रहते हैं। इससे कारें, बसें, ट्रकें चैक की तरफ नहीं आ पाती लेकिन बैरीकेटिंग होने के बावजूद ज्यादातर कारें इस मार्ग पर आती हैं और बैरीकेटिंग के बाहर लोग अपनी कारें बेतरतीब ढंग से खड़ी करके अंदर बाजार चले जाते हैं जिससे यह भीषण जाम लगा रहता है। मंगलवार को दिन में साढे. ग्यारह बजे इसी तरह का जाम चैक कचहरी मार्ग पर जिला महिला अस्पताल के सामने लगा रहा, यहां सैकड़ों कारें बेतरतीब ढंग से बैरीकेटिंग के बाहर खड़ी थी और लोगों को आवागमन में भारी असुविधा हो रही थी।

# विकास कार्यो में हैण्डपंप रिबोर प्रधानों की पहली पसंद

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय विकास खण्ड में हो रहे विकास कार्यो में प्रधानों की पहली पसंद हैण्डपंप रिबोर है। जेई व सचिव के अभिलेखों में भी रिबोर ही अंकित रहता है, लेकिन उसका अधिकांश पैसा अन्य विकास कार्य में खर्च किया जाता है। सब जानते हुए भी साहब लोग चुप्पी साधे हुए हैं।

स्थानीय विकास खण्ड में कम खर्च में अधिक पैसा बचाने के चक्कर में ग्राम प्रधान स्ट्रीट लाइट लगवाते हैं या फिर हैण्डपंप रिबोर का कार्य करवाते हैं। वहीं हैण्डपंप रिबोर की तो अजब ही कहानी है। अभिलेखों में तो हैण्डपंप रिबोर ही

### जेई व सेक्रेटरी के अभिलेख में दशार्या जा रहा है रिबोर, जब कि अन्य विकास पर हो रहे है खर्च पर अधिकारी मौन

रहता है लेकिन जबकि हकीकत कुछ अलग ही है। एक रिबोर पर लगभग 26 हजार रूपया का भुगतान होता है। इसी पैसे से प्रधान अधिकांश करीबियों को खुश करने के लिए नए हैण्डपंप की सौगात दे देते है। वहीं जेई व सचिव भी रिबोर के पैसे नए हैण्डपंप पर खर्च होने के बावजूद भी अभिलेख में नए का जिक्र न करके रिबोर ही लिखते है।शासनादेश पर नजर डालें तो प्रधान रिबोर करवा सकता है लेकिन नए हैण्डपंप को वह नहीं लगवा सकता है।जब कि ग्रामीणों का कहना है कि मामले की शिकायत अधिकारियों से की जाती है लेकिन कोई भी सही बात सुनने को तैयार नहीं है।

## जाँच हो तो जेई व सेक्रेटरी पर कार्रवाई तय

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नल रिबोर की निष्पक्ष जांच हो तो जेई व सेक्रेटरी पर कार्रवाई होना तय है क्योंकि रिबोर के नाम पर निकाले गए पैसों को तो अधिकांश अन्य विकास कार्यो में खर्च किया जाता है। जब कि अभिलेखों में हैण्डपंप रिबोर ही दिखाया जाता है।जो जमीनी हकीकत से कोषो दूर है। जब जिस कार्य के नाम पैसा निकले और खर्च दूसरे कार्य पर करना कहां तक सही है। इस संबंध में बीडीओ व एडीओ दोनों लोगों से पूछा गया लेकिन किसी ने भी उक्त मामले में कुछ भी बोलना नहीं चाहा।

# दिनदहाड़े युवक से 26 हजार रुपये लूटने का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी क्षेत्र में लूट की घटनाएं थम नहीं रही है। मंगलवार की दोपहर एक युवक से लुटेरों ने 26 हजार रुपये लूट लिया तथा सोने की चेन और मोबाइल भी छीन लिया। पीड़ित ने इस संबंध में आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर देकर मामले में कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

पट्टी तहसील क्षेत्र के कंधई थाना अंतर्गत कोनी गांव का रहने वाला अविनाश पटेल पुत्र रामकुमार अपने मामा के घर जा रहा था। रास्ते में पट्टी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत महदहा कंसापट्टी के बीच में पांच बदमाश दो गाड़ी से पहुंचे और पीड़ित को मारपीट कर उसके जेब में रखा हुआ 26 हजार रुपये तथा सोने की चेन तथा मोबाइल छीन लिए। जब पीड़ित ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से जमकर मारा पीटा पीड़ित पट्टी कोतवाली में पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर मामले में कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। वही इस संबंध में पट्टी क्षेत्राधिकारी दिलीप सिंह से बात करने पर उन्होंने बताया कि आरोपी व्यक्ति ने नामजद तहरीर दिया है। यह मामला दोनों के मारपीट से सम्बंधित है। लूट का मामला संदिग्ध है।

# जनता हो रही घटतौली की शिकार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** वर्तमान में पेट्रोल की कीमत 100 रुपये प्रति लीटर से अधिक और डीजल 92 रुपये प्रति लीटर से अधिक है। मजबूरन वाहन चालक महंगा ईंधन वाहनों में भरवा रहे हैं। महंगाई के साथ ही पेट्रोल पंप संचालकों का लालच भी जनता की जेब पर भारी पड़ रहा है। बीते रविवार को सगरा सुंदरपुर के एक पेट्रोल पंप पर मोटरसाइकिल में पेट्रोल भराने पहुंचे युवक का घटतौली को लेकर विवाद हो गया। जैसे-तैसे लोगों के बीच-बचाव के बाद निपटारा हुआ। बाइक चालक की जिद के बाद पेट्रोल पंप कर्मियों ने वाहन में डाले गए पेट्रोल को वापस निकालकर नापा तो उसमें घटतौली सामने आ गई।

बाइक चालक द्वारा खरी-खोटी सुनाए जाने पर पंप कर्मियों और मैनेजर ने विवाद का निपटारा किया। यह मामला तो बानगी भर हैं। जिले में हर रोज घटतौली को लेकर पेट्रोल पंपों पर दर्जनों विवाद सामने आ रहे हैं।

## पास्को एक्ट के वांछित गिरफ्तार

**परियावां, प्रतापगढ़।** कुंडा पुलिस उप निरीक्षक विजय कुमार अपने हम राही के साथ वांछित अभियुक्तों की तलाश व क्षेत्र चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर पास्को एक्ट के वांछित अभियुक्त प्रदीप कुमार पुत्र बदलू प्रजापति गुलाम का पुरवा जमेठी कुंडा निवासी को थाना क्षेत्र के तिलौरी मोड़ से गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी कर न्यायालय भेजा।

## अपनी ही सरकार की किरकिरी करने में जुटे भाजपाई

**प्रतापगढ़।** भाजपा नेत्री संगीता गुप्ता के पति संतोष गुप्ता ने डीएम कैम्प कार्यालय में हंगामा किया। हंगामे के चलते संतोष को सुरक्षा कर्मियों ने गेट से बाहर कर दिया। संतोष ने प्रशासन पर अवैध भट्ठों से 10 करोड़ की वसूली का आरोप लगाया है। बता दें कि भाजपा नेत्री का पर्ति इंट भट्ठा संचालित करता है। को पल्यूशन बोर्ड ने बंद करा दिया था। बता दें कि बन्द भट्ठे को पुनः संचालित करवाने को भाजपा नेत्री पति के साथ डीएम कैम्प पहुची थी। डीएम ने पल्यूशन बोर्ड से एनओसी लेकर भट्ठा संचालित करने की कही बात तो संतोष ने हंगामा शुरू कर दिया जिस पर सुरक्षा कर्मियों ने हंगामा कर रहे संतोष को गेट के बाहर कर दिया।

## 640 ग्रामों में सर्वेक्षण एवं अभिलेख संक्रिया का होगा कार्यः डीएम

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी/जिला अभिलेख अधिकारी डा0 नितिन बंसल ने बताया है कि राजस्व संहिता की धारा 43 के अनुसार भारत सरकार की स्वामित्व योजना अन्तर्गत जनपद में सर्वेक्षण एवं अभिलेख संक्रिया का कार्य के अन्तर्गत पूर्व में अधिसूचित 1628 ग्रामों को छोड़कर अवशेष 640 ग्रामों में सर्वेक्षण एवं अभिलेख संक्रिया का कार्य किया जायेगा। उन्होने बताया है कि तहसील सदर के 152 ग्राम, तहसील कुण्डा के 273 ग्राम, तहसील पट्टी के 42 ग्राम, तहसील लालगंज के 135 ग्राम एवं तहसील रानीगंज के 38 ग्रामों में ग्रामीण आबादी सर्वेक्षण एवं अभिलेख संक्रिया का कार्य किया जायेगा। उन्होने बताया है कि स्वामित्व योजना के अन्तर्गत सर्वेक्षण एवं अभिलेख संक्रिया के कार्य हेतु 640 ग्रामों की सूची सम्बन्धित तहसील के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गयी है।

# कौशाम्बी संदेश

## खबर संक्षेप

### अकेली बालिका के साथ घर में युवक ने किया दरिंदगी

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के नूरपुर हाजीपुर गांव की एक दलित बालिका को घर मे अकेली पाकर स्वजातीय युवक ने दरिंदगी की है घटना के बारे में किसी से बताने पर युवक ने बालिका को जान से मारने की धमकी दी है शाम को जब उसके पिता ईट भट्ठे से काम करके वापस लौटे तो बालिका ने पूरी बात बताई जिस पर उसके पिता ने मामले की सूचना पिपरी पुलिस को दिया है। नूरपुर हाजीपुर गांव में 16 मई को दलित बालिका की मां सत्संग सुनने गयी थी और पिता ईट भट्ठे में काम करने गया था दोपहर के वक्त घर पर बालिका अकेले थी मौका देखकर गांव का स्वजातीय युवक पेचकस लेने के बहाने बालिका के घर घुस गया और बालिका के कपड़े फाड़कर उसके साथ दरिंदगी की है।

### ब्लॉक से इंटरलॉकिंग कराए जाने के लिए पूर्व प्रमुख ने लिखा पत्र

**कौशाम्बी।** चायल विकासखंड क्षेत्र के रसूलाबाद ऊर्फ कोइलहा में तीन सड़को की इंटरलॉकिंग कराए जाने के लिए पूर्व प्रमुख इंजीनियर सोनू कुमार ने ब्लॉक प्रमुख को पत्र लिखकर इंटरलॉकिंग कराए जाने की बात रखी है गांव के मनोज के घर से मोनू के बाउंड्री वाल तक और कोइलाहा सैय्यद सरावा से गोलकइया पुर में लालचंद सरोज के घर तक की सड़क और कोइलहा के डामर सड़क से भगवान के घर तक की सड़क लगभग 600 मीटर इंटरलॉकिंग कराया जाना आवश्यक है।

# आग की तेज लपटों में परिवार के चार लोग झुलसे इलाज के दौरान मासूम की मौत

## चरवा थाना क्षेत्र के बलीपुर टाटा गांव में लकड़ी के चूल्हे से खाना बनाते समय अचानक खपरैला में लगी भीषण आग

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** तहसील चायल के चरवा थाना अंतर्गत ग्राम सभा बलीपुर टाटा गांव में बीती रात लकड़ी के चूल्हा से खाना बनाते समय एक दलित परिवार के घर में अचानक भीषण आग लग गई है आग लग जाने से दो महिलाएं दो बच्चियों समेत कुल चार लोग गम्भीर झुलस गए आनन-फानन में स्थानीय पुलिस व डायल 112 को ग्रामीणों ने सूचना दिया पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया झुलसे हुए लोगों को रात में ही 108 एंबुलेंस की मदद से पुलिस वालों ने इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया बताया जाता है कि इलाज के दौरान एक बच्ची की मौत हो गई है अग्निकांड की घटना में गृहस्वामी का पूरा घर जलकर खाक हो गया है घर में रखा कपड़ा बर्तन बिस्तर चारपाई सिलाई मशीन आनाज पूरी तरह से जल गया है घर में पशुओं के लिए रक्खा भूसा लकड़ी उपला भी जलकर राख हो गया है आग की तेज लपटों से घर भी पूरी तरह से जलकर क्षतिग्रस्त हो गया है अनुमान लगाया जाता है कि इस घटना में लाखों रुपया की गृहस्थी जलकर खाक हो गई है। घटनाक्रम के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के बलीपुर टाटा गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार की पत्नी नूमा देवी सोमवार की रात लकड़ी के चूल्हे में खाना बना रही थी इसी बीच अचानक चूल्हे की आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और खपरेला में आग लग गई देखते देखते आग ने पूरे घर को अपने आगोश में ले लिया तेज लपटों के साथ पूरा घर जलने लगा घर के लोग बाहर नहीं निकल सके और आग की लपट से झुलस कर गिर गए इस अग्निकांड में धर्मेंद्र कुमार की पत्नी नूमा देवी उम्र 26 वर्ष उनकी बेटी अनुष्का 2 वर्ष और बेटी अनुराधा 1 वर्ष उनकी माता संतरा देवी उम्र 55 वर्ष पत्नी शिव लाल आग की लपटों के चपेट में आ गए हादसे में 2 बच्चियों समेत दो महिलाएं गंभीर रूप से झुलस गयी आग का भयानक रूप देखकर आसपास के लोगों ने मामले की सूचना स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड को दिया मौके पर पहुंची पुलिस ने अग्निकांड में झूलसी दोनों महिलाएं और दोनों बच्चियों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका है इलाज के दौरान दो वर्षीय बेटी अनुष्का की मौत हो गई बेटी अनुराधा पत्नी नूमा देवी और माता संतरा देवी गंभीर रूप से झुलसे ह।

झुलसे लोगो का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। अग्निकांड की घटना की जानकारी मिलते ही तहसीलदार चायल और राजस्व निरीक्षक मौके पर पहुंचकर हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया तहसीलदार चायल ने तत्काल फोन के द्वारा कोटेदार से राशन पहुंचाने के लिए भी निर्देश दिया है ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है तब तक गृह स्वामी की पूरी गृहस्थी जलकर खाक हो गई है।



अग्निकांड में जला सामान तथा अग्निकांड घटना का मुआयना करते अधिकारी

## न्यूज झरोखा

### सरकारी हैंडपंपों पर गांव गांव दबंगों का कब्जा

#### भीषण गर्मी में गरीब कमजोर आम जनता पानी के लिए परेशान



**कौशाम्बी।** पानी की विकराल समस्या को दूर करने के लिए सरकार लगातार गांव-गांव हैंडपंप लगा रही है लेकिन गांव के दबंग हैंडपंप पर कब्जा कर रहे हैं सरकारी हैंडपंप पर खुलेआम समरसेबल मोटर लगाकर दबंग हैंडपंप अपने कब्जे में कर रहे हैं जिससे गांव के गरीब कमजोर पानी भरने से वंचित हो रहे हैं भीषण गर्मी में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है लेकिन उसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं जिले में तमाम ऐसे ही ग्राम सभा है जहां पानी के लिए मारामारी मची है गांव क्षेत्र में भीषण गर्मी में आधा किलोमीटर दूर से छोटे-छोटे बच्चे बाल्टी डिब्बे में पानी लाकर परिवार की प्यास बुझाते हैं ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव इन दबंगों के हैंडपंप पर कब्जा करने के मामले में बेवश दिखाई पड़ रहे हैं सिराथू तहसील क्षेत्र के तुलसीपुर गंभीरा मलाक पिंजरी बंबू पुर सहित कई ग्राम सभाओं में सरकारी हैंड पंप समरसेबल की मोटर लगाकर कब्जा किया जा चुका है इसी तरह नेवादा मूरतगंज कड़ा सरसावा विकासखंड के भी तमाम ग्राम सभाओं में सरकारी हैंडपंप पर समरसेबल की मोटर लगाकर दबंगों ने कब्जा कर ग्रामीणों को पानी भरने से मना कर दिया है हैंडपंपों पर कब्जा करने का मामला बेहद गंभीर है लेकिन अभी तक विकास भवन के अधिकारी इस मामले में गंभीर नहीं हुए हैं सरकारी हैंडपंप पर कब्जा करने के मामले में यदि जांच कराई गई तो कई लोगों पर मुकदमा और जुमार्ने की कार्यवाही हो सकती है।

# ओवरलोड वाहनों को पकड़कर सख्त कार्यवाही की जाय : डीएम

## स्कूली वाहनों के फिटनेस की जॉच डग्गामार वाहनों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के भी डीएम ने दिए निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की बैठक एण्टी भू-माफिया एवं ग्राम सभा की भूमियों के विरूद्ध दर्ज वादों के निस्तारण की स्थिति तथा शराब माफियाओं के विरूद्ध कार्यवाही की स्थिति की समीक्षा की गई बैठक में जिलाधिकारी ने जिला खनन अधिकारी ए0आर0टी0ओ0, उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकाारियों को ओवरलोड वाहनों को पकडकर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ओवरलोड वाहनों को पकडने के लिए बनाये गये चेकपोस्ट पर विशेष निगरानी कर कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित खनन पट्टा संचालकों एवं ट्रांसपोर्टरो की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने पट्टा संचालकों से कहा कि आगामी 03 दिन के अन्दर नियमानुसार सीमा स्तम्भ एवं निर्धारित स्थान पर सी0सी0टी0वी0 कैमरा लगाया जाना सुनिश्चित किया जाय एवं सी0सी0टी0वी0 कैमरा का रिकार्ड रखा जाय, इस सम्बन्ध में उन्होंने खनन अधिकारी को अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने खनन अधिकारी को भण्डारण नियमानुसार सुनिश्चित कराने के भी निर्देश देते हुए उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों को जॉच करने के निर्देश दिये बैठक में पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने पट्टा संचालकों एवं ट्रांसपोर्टरों से कहा कि नियमानुसार कार्य किया जाय तथा कोई भी कार्य नियम विरूद्ध न किया जाय। उन्होंने कहा कि नियम विरूद्ध कार्य करने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी जिलाधिकारी ने ए0आर0टी0ओ0 को स्कूली वाहनों के फिटनेस की जॉच कराने के निर्देश दिये। इसके साथ उन्होंने डग्गामार वाहनों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को भू-माफियाओं को चिन्हितकर भू-माफिया पोर्टल पर अपलोड करने के साथ ही आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने भू-माफिया पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिये।बैठक में शराब माफियाओं के विरूद्ध कार्यवाही की स्थिति की समीक्षा के दौरान जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि 07 शराब माफियाओं के विरूद्ध गैंगेस्टर आदि की कार्यवाही की गई है, जिस पर जिलाधिकारी ने प्रभावी पैरवी करने के निर्देश दिये बैठक में अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



उपस्थित लोगों को निर्देशित करते डीएम

### जब अपनों ने ही कर दिया विद्युत विभाग को शर्मसार

**कौशांबी।** अधिशासी अभियंता विद्युत कार्यालय चायल में तैनात एक एसडीओ की अवैध वसूली चलते योगी सरकार की छवि बार-बार धूमिल हो रही है आम जनता के बीच सरकार की छवि पर दाग लगाने वाले एसडीओ योगी सरकार पर भी अभद्र टिप्पणी करने से नहीं बाज आ रहे हैं अवैध वसूली के लिए विद्युत उपभोक्ताओं को बार बार परेशान करना एसडीओ को महंगा पड़ गया मनौरी बाजार में जांच के दौरान विद्युत उपभोक्ताओं पर विद्युत चोरी का झूठा आरोप लगाकर एसडीओ ने मोटी रकम की डिमांड कर दी इस पर कस्बे के लोग एकजुट हो गए हैं एसडीओ पर सही कार्य करने का दबाव बनाने लगे कुछ देर तक तो एसडीओ अपनी जिद पर अड़े रहे और अवैध वसूली की रकम ना देने पर मुकदमा लिखा कर जेल भेज देने की धमकी देने लगे इतना ही नहीं योगी सरकार पर भी घूसखोर एसडीओ ने टिप्पणी कर दी जिस पर कस्बे के लोगों का आक्रोश पनप गया और उन्होंने जमकर गाली-गलौज और अपमानित किया घूसखोर एसडीओ उसके बाद भी देख लेने की धमकी देते रहे चर्चा तो यहां तक जा रही है कि एसडीओ का कॉलर पकड़कर उपभोक्ताओं ने उन्हें धक्का मार के भगा दिया गया है आखिर विद्युत विभाग के उपभोक्ताओं को जबरिया परेशान करने वाले एसडीओ ने विभाग की छवि को धूमिल कर ही दिया है।

# अधूरी सड़क छोड़कर भागे ठेकेदार ग्रामीण परेशान

## सरकारी खजाने से विभागीय अधिकारियों की सांठगांठ से निकाला जा चुका है 90% निर्माण की रकम

**अखंड भारत संदेश**

**अषाढा कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के अषाढा चौराहे से फैजीपुर जाने वाली सड़क का निर्माण एक वर्ष पूर्व शुरू हुआ था आधे अधूरे काम पर 90% रकम सरकारी खजाने से ठेकेदारों को अवमुक्त कर दी गई है लेकिन सड़क का निर्माण करने के बजाय ठेकेदार काम छोड़कर भाग गए हैं जिससे राहगीरों को सड़क पर आने-जाने में दिक्कत होती है सड़क पर जगह-जगह इंटरलॉकिंग की ईट और बालू के ढेर पड़े हुए हैं जिससे इस सड़क पर चार पहिया वाहन तो निकलना दूर दोपहिया वाहन साइकिल और पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है कई बार इलाके के लोगों ने सड़क मरम्मत कराए जाने की मांग की लेकिन उसके बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं हो सकी है विभागीय अधिकारी भी इस हेराफेरी को नजर अंदाज करने में लगे हैं बताते चलें कि फैजी पुर और उसके आसपास बीच सड़क पर बालू का जगह जगह ढेर लगाकर ठेकेदार भाग खड़े हुए हैं आधी सड़क पर इंटरलॉकिंग की ईट लगाई गई है और आधी सड़क पर इंटरलॉकिंग नही की गई है जिससे आवागमन में लोगों को भारी दिक्कतों से जूझना पड़ता है इलाके के लोगों ने आला अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सड़क की मरम्मत पूर्ण कराए जाने की मांग की है।




अर्ध निर्मित सड़क का दृश्य

# पूर्व प्रधान के सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे को खाली कराने की मांग को लेकर गरजे ग्रामीण

## रकसौली गांव के खलिहान और तालाबी भूमि पर अवैध कब्जे को हटाने पर लेखपाल के पक्षपात पूर्ण रवैया से आक्रोशित ग्रामीणों ने लेखपाल को निलंबित करने की मांग की

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के रकसौली गांव के तालाब और सरकारी भूमि खलिहान पर अवैध कब्जे को खाली कराने में लेखपाल के पक्षपातपूर्ण रवैया से आक्रोशित गांव के दर्जनों ग्रामीण ग्राम प्रधान मंजू देवी के नेतृत्व में जिला अधिकारी कार्यालय पहुँचे धरना प्रदर्शन कर ग्रामीणों ने लेखपाल के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि गांव के तालाब की भूमि पर 50 लोगों ने अवैध तरीके से भवन बनाए हैं जिनमें 4 गरीबों की झोपड़पट्टी को लेखपाल ने गिरा दिया है जबकि कई दर्जन लोगों के अवैध पक्के भवन अभी भी तालाब की भूमि पर बने हुए हैं ग्रामीणों ने कहा कि कानून व्यवस्था में पक्षपात पूर्ण कार्य करने वाले लेखपाल को निलंबित किया जाए और सबके साथ समान व्यवहार किया जाए ग्रामीणों ने बताया कि रकसौली गांव की खलिहान भूमि पर भी दबंगों ने कब्जा कर रखा है लेकिन खलिहान की भूमि पर अवैध तरीके से कब्जा करने वालों पर लेखपाल कार्यवाही नहीं कर रहा है ग्राम प्रधान के साथ पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व प्रधान असलम ने खतौनी संख्या 964 पर कब्जा कर घर बना लिया है जिसे खाली कराया जाए ग्रामीणों ने कहा कि दबंग पूर्व प्रधान के घर पर भी बुलडोजर चलाया जाए।



शिकायत लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीण

# खेल दिखाते दिखाते अचानक चली गयी कलाकार की जान

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कचहरी और विकासखंड परिसर में खेल दिखाकर आम जनता की भीड़ एकत्रित कर परिवार का जीविकोपार्जन चलाने वाले एक अधेड़ की मंगलवार को खेल दिखाते दिखाते अचानक जान चली गई है लोगों ने आशंका जताई है कि उसे हार्टअटैक का दौरा पड़ा है जिससे उसकी मौत हो गई है सूचना पाकर मौके पर मंझनपुर कोतवाल पहुंचे हैं और खेल दिखाने वाले कलाकार के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के मुताबिक शंकरगढ़ क्षेत्र के रहने वाले सूरज प्रसाद उर्फ कल्लू सपेरा ने मंझनपुर तहसील क्षेत्र के अषाढा फैजी पुर के पास अपना आशियाना बना कर परिवार के साथ रहने लगा है परिवार में पत्नी गुड़िया देवी बेटा इरफान बेटी सबीना नजमा महीदुन सम्मीरूम के जीविकोपार्जन के लिए सूरज बली मंझनपुर मुख्यालय के कचहरी ब्लाक परिसर आदि क्षेत्रों में प्रतिदिन विषैले जंतुओं का खेल दिखाकर उनसे बचाव के रास्ता बताते हुए दवाइयां बेचने का काम करता है विषैले जंतुओं से खेलना उसकी आदत बन गई है जहां पर भी वह अपना डेरा जमा लेता है वहां पर लोगों का मजमा लग जाता है लोगों को आकर्षित कर सूरज बली अपना व्यवसाय चला रहा था मंगलवार को दोपहर लगभग 2:00 बजे अचानक सूरज बली की तड़प तड़प कर मौत हो गई है मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि उसे हार्टअटैक का दौरा पड़ा है जिससे मौत हो गई है ब्लॉक में मौजूद लोगों ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी है मौके पर पहुंची मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटना की जानकारी उसके परिवार को दे दी है।



मौत के बाद मौके पर लगी भीड़ और जांच करती पुलिस

# आठ साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण कार्यक्रम मानने का भाजपा ने लिया निर्णय : अनिल सिंह



उपस्थित पार्टी जनों को संबोधित करती पार्टी जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी

**30 मई से 15 जून तक बूथ स्तर पर आयोजित किए जाएंगे अभियान आठ अभियानों के साथ आठ साल का जश्न**

**कौशाम्बी।** भाजपा जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण बैठक जिला कार्यालय पर संपन्न हुई बैठक में मुख्य अतिथि जिला प्रभारी अनिल सिंह रहे मंच का संचालन जिला महामंत्री संजय जयसवाल ने किया देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के-8-साल संपूर्ण करने जा रही है सेवा सुशासन और गरीब कल्याण कार्यक्रम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब शोषित वंचित अनुसूचित जाति जनजाति तथा पिछड़े वर्गों के कल्याण के प्रति सदैव समर्पित है मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के-8-वर्ष-30-मई को पूरे हो रहे हैं इन वर्षों में जहां एक और कई ऐतिहासिक निर्णय देश हित मे लिए गए हैं वही अंतोदय के लक्ष्य की प्राप्ति की ओर अग्रसर होते हुए देश विकास के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूते हुए निरंतर प्रगति पथ पर आगे बढ़ रहा है राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के निदेर्शानुसार 30-मई से-15-जून तक देश भर में बूथ स्तर तक-8-साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण कार्यक्रम मनाया जाएगा इस विषय पर प्रदेश पदाधिकारी जिला अध्यक्ष जिला प्रभारी की बैठक प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह व प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल द्वारा संपन्न हुई-आगामी कार्यक्रमों को निम्नवत कराया जाना है-जिला की बैठक दिनांक-20-मई तक एव मंडल की बैठक 25-मई तक पूर्ण करना है बैठक में जिला प्रभारी जिला अध्यक्ष क्षेत्र पदाधिकारी जिला पदाधिकारी मोर्चों के अध्यक्ष अभियान प्रमुख सांसद विधायक राज्यसभा विधानसभा परिषद जिला पंचायत अध्यक्ष नगर निगम नगर पालिका टाउन एरिया चेयरमैन अपेक्षित रहेंगे सभी अभियानों में जिला पदाधिकारी और कार्यक्रम की आवश्यकता अनुसार अन्य वरिष्ठ कार्यकताओं को योजना में लगाया जा सकता है अभियान की मॉनिटरिंग टीम बनाना अभियान एव कार्यक्रमों मे जनप्रतिनिधियों की सहभागिता की योजना बनाना कार्यक्रमों की फोटो नमो ऐप पर अपलोड करें पार्टी के मीडिया और सोशल मीडिया विभाग योजनाबद्ध तरीके से कार्यक्रमों तथा उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार की व्यापक योजना बनाकर सफल क्रियान्वयन करें जिला इकाई को निर्देशित किया गया है कि स्थानीय अखबारों पत्र-पत्रिकाओं में उपलब्धियों के लेख प्रकाशित करने की योजना बनाए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में मुफ्त टीकाकरण प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र योजना योजना जैसी कल्याणकारी योजनाओं के द्वारा करोड़ों लोगों को रहे हैं विज्ञापन के माध्यम से मंडल के व्यापक प्रचार प्रसार क्रियान्वयन करे इस कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व विधायक लाल बहादुर पूर्व जिला अध्यक्ष प्रेम चंद्र चौधरी रमेश पासी पुष्पा देवी पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत जिला महामंत्री संजय जयसवाल जिला उपाध्यक्ष आशीष केसरवानी सभी मोर्चों के जिला अध्यक्ष सभी मण्डल अध्यक्ष आईटी विभाग जिला सत्यम केसरवानी जिला मीडिया प्रभारी गोलू सिंह पटेल जिला सोसल मीडिया जितेन्द्र साहू धर्म राज मौर्य ज्योति केसरवानी अजय पाण्डे नितिन पासी कमल कुशवाहा महिला मोर्चा महामंत्री कविता केसरवानी सोनिया राजपूत इत्यादि वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सत्ता के आड़ में क्या क्या कर रहे हैं माननीय !

## मेहता अस्पताल भरवारी की अरबों की संपत्ति पर माननीय ने किया कब्जा, नुमाइंदगी का चोला ओढ़े माननीय मन मस्तिष्क के बन गए माफिया लुटेरे

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** आजादी के 7 दशक बाद माननीयों के मन मस्तिष्क तेजी से बदल गए हैं सत्ता के आड़ में माननीय अब क्या क्या कर रहे हैं जनप्रतिनिधियो का नुमाइन्दगी का पहले जो उद्देश था वह पूरी तरह से बदल चुका है पहले जनप्रतिनिधियों का उद्देश्य होता था कि लोग उन्हें सम्मान पूर्वक पहचाने उनके कार्यो को याद करें पहले चरित्रवान और त्यागी ब्यक्ति ही जनप्रतिनिधि बनने का हौसला रखना था पहले के जनप्रतिनिधि कभी नहीं चाहते थे कि उनके दामन में दाग लग जाए और जनता के बीच उनकी किरकिरी हो जाए आजादी के बाद लंबे समय तक लोग गांधी जी का नाम लेते थे और सुख उठाते थे अटल जी का नाम भी लंबे समय तक लोग लेते थे और सुख भोगते थे कालांतर में अनैतिक का जो खेल खेला जा रहा है वह माफिया गिरी धन बटोरने का साधन बन गया है अब माननीय में चरित्रवान और त्यागी की भावना बदल चुकी है और वह नुमाइंदगी का चोला ओढ़कर मन मस्तिष्क के लुटेरे माफिया बन चुके हैं सत्ता के आड़ में माननीय जमीनों पर भी जबरिया कब्जा कर रहे हैं जिससे शासन सत्ता की भी जनता के नजर में बदनामी हो रही है सांसद के कारनामों पर पार्टी के शीर्ष नेताओं को मामला संज्ञान लेकर कार्यवाही करते हुए आम जनता के दिलों दिमाग में पार्टी की छवि बचानी होगी। बल्लभ राम शालिग्राम मेहता अस्पताल भरवारी ट्रस्ट द्वारा संचालित अस्पताल की अरबों की संपत्ति पर एक माननीय ने जबरिया कब्जा कर लिया है 20 दिन पहले दर्जनों समर्थकों के साथ पहुंचे एक सांसद ने बुलडोजर चलवाकर मेहता अस्पताल के पुराने भवन को गिरा दिया है अस्पताल की संपत्ति पर जबरिया कब्जा किए जाने के चलते खुलकर विरोध करने का साहस नगरवासी नहीं कर सके लेकिन नगर के लोगों में सांसद के कारनामे से जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है भरवारी नगर पालिका के कस्बे के मुख्य स्थान पर 56 बीघे क्षेत्रफल में बल्लभ राम शालिग्राम अस्पताल फैला हुआ है और दो दशक पूर्व तक मेहता अस्पताल में हजारों मरीजों को सस्ते कीमत पर इलाज मिलता था और उन्हें इलाज के लिए शहर नहीं जाना होता था लेकिन अस्पताल की जमीन पर एक सांसद की बुरी नजर लग गई है और उस पर कब्जा शुरू हो गया है मेहता अस्पताल भरवारी की जमीन की बाजारू कीमत अरबो में बताई जाती है जिस पर एक सांसद की नियत खराब हो गई है और बदनीयत सांसद ने मेहता अस्पताल भरवारी की संपत्ति पर कब्जा करने की पूरी योजना बना ली है मेहता अस्पताल की संपत्ति में पहले बंसल ने भी कब्जा करने की सोची थी और काफी हद तक काबिज हो गए थे लेकिन प्रभु की लीला भी गजब की है और बंसल का क्या हश्र हुआ है उसके बाद बंसल के कब्जे से मेहता अस्पताल छूट दिया इस बात से समाज के लोग भलीभांति परिचित हैं अब सांसद के अवैध कब्जे से अस्पताल कब छूटेगा यह प्रभु जाने।

**मेहता अस्पताल में बंद पड़ा ताला**



### सपा नेता शबीह हैदर मीनू की संपत्ति कुर्क

**कौशाम्बी।** समाजवादी पार्टी के नेता और नगर पंचायत मंझनपुर के पूर्व अध्यक्ष के प्रतिनिधि सबीह हैदर उर्फ मीनू की जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर 1 करोड़ 2 लाख 91 हजार की संपत्ति कुर्क कर दी गयी है। शबीह हैदर मीनू पूर्व से गैंगस्टर एक्ट के आरोपी है गैंगस्टर एक्ट लगने के बाद संपत्ति अर्जित की गई थी जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के बाद सपा नेता अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे मुख्यालय के विभिन्न स्थानों पर मौजूद जमीनों का मामला है।

### अवैध पिस्टल के साथ युवक ने फेसबुक पर लोड की पोस्ट

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी के अंतर्गत क्षेत्र के एक गांव के युवक ने फेसबुक में पिस्टल के साथ फोटो लोड की है मामले की शिकायत पुलिस अधिकारियों से ट्विटर के माध्यम से लोगों ने की है युवक के फेसबुक पर लोड पिस्टल अवैध है या यह लाइसेंसी है यह पुलिस की जांच का विषय है लेकिन फेसबुक पर अपना नाम लिखकर पिस्टल लोड करने के मामले कि सोशल मीडिया में जमकर चर्चा हो रही है।

संपादकीय

# कांग्रेस में अब भी असंतुष्ट कार्यकर्ता


भारत की सबसे पुरानी सियासी पार्टी कांग्रेस बूढ़ी, असामयिक, अप्रासंगिक, असंगत और पूर्ण रूप से बेपटरी हो गई है। कांग्रेस ने उदयपुर के चिंतन शिविर में पार्टी को पुनर्जीवित करने पर चिंतन अवश्य किया लेकिन यह चिंतन पूर्व में पार्टी के चिंतन शिविरों से ज्यादा भिन्न नहीं था। इस चिंतन शिविर में मंथन से अमृत तो नहीं निकल सका लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं में पार्टी और खुद के भविष्य को लेकर असमंजस अवश्य पैदा हो गया। वर्तमान में कांग्रेस का मुकाबला केंद्र के उस सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी से है जिसने पिछले आठ वर्षों में अपना सांगठनिक तानाबाना अत्यंत सशक्त कर एक बड़ी लकीर खींच दी है। अगर कांग्रेस पार्टी एक परिवार के प्रभाव से बाहर नहीं निकलती तो संभव है कि वर्ष 2024 में होने वाले आम चुनाव में न केवल उसका सूपड़ा साफ हो जाए बल्कि विपक्षी दल की हैसियत से भी बाहर हो जाए। यह कांग्रेस की नाकामी ही है जिसके चलते दिल्ली के बाद पंजाब में सरकार बनाने वाले केजरीवाल आम आदमी पार्टी (आप) को लोगों के समक्ष कांग्रेस के विकल्प के तौर पर प्रस्तुत करने लगे हैं। यह सर्वविदित है कि कांग्रेस भारत की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी है। कांग्रेस की स्थापना ब्रिटिश राज के दौरान 28 दिसंबर 1885 को हुई थी। इसके संस्थापक ए.ओ. ह्यूम (थियिसोफिकल सोसाइटी के प्रमुख सदस्य), दादा भाई नौरोजी और दिनशा वाचा थे। निःसंदेह कांग्रेस ने देश के स्वतंत्रता आंदोलन में अहम भूमिका निभाई। इसके साथ यह भी सच है कि स्वतंत्रता के बाद भी कई दशकों तक कांग्रेस ने सत्ता सुख भोगा। कांग्रेस भारत की प्रमुख राजनीतिक पार्टी बन गई। पहले चुनाव से 2014 तक के बीच 16 आम चुनाव हुए। इनमें से छह चुनाव ऐसे थे जिसमें कांग्रेस ने पूर्ण बहुमत प्राप्त किया और चार चुनाव ऐसे थे जिनमें सत्तारूढ़ गठबंधन का नेतृत्व किया। इस प्रकार कांग्रेस कुल 49 वर्षों तक केंद्र सरकार का हिस्सा रही। कांग्रेस के प्रधानमंत्रियों की सूची देखेंगे तो सबसे पहले पंडित जवाहरलाल नेहरू (1947झ्र64) तक करीब 17 साल प्रधानमंत्री रहे। उसके बाद कांग्रेस से गुलजारीलाल नन्दा, लाल बहादुर शास्त्री, इन्दिरा गांधी, राजीव गांधी, पीवी नरसिम्हा राव और फिर डॉ. मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री बने। यहां उल्लेखनीय है कि गुलजारी लाल नंदा, लाल बहादुर शास्त्री, नरसिम्हा राव और डॉ. मनमोहन सिंह कांग्रेस ऐसे प्रधानमंत्री थे, जो नेहरू-गांधी परिवार से नहीं थे। अगर प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को अपवाद स्वरूप छोड़ दें तो शेष ऐसे प्रधानमंत्री थे जिनकी वजह से पार्टी परिवारवाद के अभिशाप से बाहर निकलती दिखी। वर्ष 2014 में हुए आम चुनाव के बाद से कांग्रेस पार्टी जिस तरह से परिवारवाद से अभिशप्त है तभी से उसका लगातार बेड़ा गर्क हो रहा है। वर्ष 2009 के आम चुनाव के पूर्व राहुल गांधी ने कांग्रेस में युवा ब्रिगेड बनाई थी, जिसमें ज्यातिरादित्य सिंधिया, जितिन प्रसाद, सचिन पायलट, आरपीएन सिंह आदि अनेक युवा नेता शामिल थे। लेकिन कांग्रेस में युवाओं की बढ़ती उपेक्षा और बुजुर्ग व घाघ दिग्गज नेताओं के सांगठनिक मामलों में जबर्दस्त हस्तक्षेप के चलते युवा ब्रिगेड के ज्योतिरादित्य सिंधिया, जितिन प्रसाद और आरपीएन सिंह सहित कई दूसरे नेता कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थाम चुके हैं। सचिन पायलट कांग्रेस से जुड़े अवश्य हैं लेकिन वह भी आलाकमान से बेहद असंतुष्ट चल रहे हैं।

# औरंगजेब के सपने को कुचल कर रख दिया संभाजी के बलिदान ने

डॉ उमेश प्रताप वत्स

**अत्याचारी, क्रुर, हैवान, दानव मुगल औरंगजेब की नाक में मराठों ने दम कर रखा था। वही औरंगजेब की गैर-मुस्लिमों के साथ बर्बरता चरम पर थी। स्वयं मराठों ने राजद्रोह कर संभाजी को औरंगजेब का बंदी बनने पर मजबूर किया और औरंगजेब ने ये कहते हुए कि ह्लअगर एक भी मुगल शहजादा संभाजी की तरह होता तो आज मुगलों का परचम पूरी दुनिया में लहराता"। सम्भाजी अपनी शौर्यता के लिये बहुत प्रसिद्ध थे**

**दिल्ली** के दरबार में तत्कालीन धर्मांध, साम्राज्यवादी, अत्याचारी एवं क्रूर शासक औरंगजेब की सत्ता थी जो तलवार के बल पर पूरे हिन्दुस्थान को मुगलिस्तान बनाने का ना केवल सपना देख रहा था अपितु सपने को पूरा करने के लिए हिंदुओं पर कहर बनकर टूट रहा था। सत्ता का ऐसा नशा चढ़ा था कि अपने वालिद शहंशाह शाहजहां को ताउम्र के लिए अंधेर काल कोठरी में डलवा दिया और सगे भाई को फांसी देकर मौत के घाट उतार दिया था फिर ऐसे सत्ता लोभी शासक से हिंदू समाज सिवाय दमन के और क्या उम्मीद लगा सकता था। भारत में हिन्दू धर्म की रक्षार्थ अनेक वीरों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। छत्रपति शिवाजी के बड़े पुत्र सम्भाजी भी इस ऐतिहासिक विरासत के एक गौरवपूर्ण स्वर्ण हस्ताक्षर हैं। मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के सबसे बड़े पुत्र संभाजी महाराज स्वराज्य के पहले राजकुमार थे, जो मराठा साम्राज्य के दूसरे छत्रपति बने। संभाजी का जन्म 14 मई सन् 1657 को पुरन्दर किले में माँ सई बाई की कोख से हुआ था। लेकिन सम्भाजी के 2 वर्ष के होने तक माता सई बाई का देहान्त हो गया था, इसलिए सम्भाजी का पालन-पोषण शिवाजी की माँ जीजाबाई ने किया था। सम्भाजी महाराज परिवार में छवा के नाम से जाने जाते थे, जिसका मराठी में अर्थ होता है शावक अर्थात शेर का बच्चा। सम्भाजी महाराज परमवीर होने के साथ-साथ प्रकांड पंडित, संस्कृत और आठ अन्य भाषाओं के ज्ञाता थे। वह शिवाजी महाराज की पहली पत्नी सई बाई के सबसे बड़े पुत्र थे। एक बच्चे के रूप में अपनी मां का साया उठ जाने के बाद, संभाजी महाराज की देखभाल राजमाता जीजाबाई ने की थी। शिवा की तरह ही जीजाऊ ने सम्भाजी को भी संस्कारवान, चरित्रवान जैसे गुणों से तराश कर एक महान योद्धा बनाया। शिवाजी महाराज की मृत्यु के बाद संभाजी महाराज ने स्वराज्य की बागडोर संभाली। 16 जनवरी 1681 में रायगढ़ किले में संभाजी राजा का पूर्ण राज्याभिषेक हुआ। हिन्दुस्थान में हिंदवी स्वराज एवं हिन्दू पातशाही की गौरवपूर्ण स्थापना करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन को यदि चार पंक्तियों में संजोया जाए तो यही कहा जाएगा कि 'महा पराक्रमी परम प्रतापी, एक ही शंभू राजा था'। संभाजी महाराज ने अपने पराक्रम के बल पर थोड़े समय में मराठा साम्राज्य का संगठन एवं विस्तार किया। संभाजी महाराज ने एक तरफ मुगल साम्राज्य के खिलाफ लड़ाई लड़ी जो मराठा साम्राज्य



से 15 गुना ज्यादा थे। संभाजी राजे ने अपने कार्यकाल में सैकड़ों युद्ध लड़े। महत्वपूर्ण बात यह है कि संभाजी महाराज एक भी युद्ध नहीं हारे। ऐसा इतिहास रचने वाले एकमात्र योद्धा संभाजी महाराज ही थे। संभाजी महाराज ने गोवा के पुर्तगालियों, जंजिरिया के सिद्दीकी और मैसूर के चिक्कादेवराय के दुश्मनों को ऐसा सबक सिखाया कि उन्होंने संभाजी के खिलाफ औरंगजेब की मदद करने की हिम्मत नहीं की। साथ ही उनमें से कोई भी उनके विरुद्ध नहीं हो सका। संभाजी राजा के नेतृत्व में मराठों ने एक तरफ सभी दुश्मनों से लड़ाई लड़ी। औरंगजेब ने सोचा था कि शिवाजी महाराज की मृत्यु के बाद मुगल साम्राज्य का विस्तार पूरे हिंदुस्थान में बढ़ेगा किंतु मराठा साम्राज्य पर प्रचंड जीत की उम्मीद लगाए औरंगजेब संभाजी के रहते वर्षों तक एक भी जीत हासिल नहीं कर पाया। जिस कारण वह किसी भी हद तक जाकर मराठों को पराजित करना चाहता था। जिसके लिए सबसे बड़ी रुकावट संभाजी महाराज बने हुए थे। सम्भाजी महाराज ने 9 वर्ष के शासन एवं अपने छोटे से जीवन काल में हिन्दू समाज के हित में बहुत बड़ी-बड़ी उपलब्धियां हासिल की थी। जिसके प्रत्येक हिन्दू आभारी हैं। उन्होंने औरंगजेब की आठ लाख की सेना का सामना किया और कई युद्धों में मुगलों को पराजित भी किया। औरंगजेब जब महाराष्ट्र में युद्धों में व्यस्त था, तब उत्तर भारत में हिन्दू शासकों को अपना राज्य पुनः प्राप्त करने और शांति स्थापित करने के लिए काफी समय मिल गया। इस कारण ही वीर मराठों के लिए सिर्फ दक्षिण ही नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के हिन्दू उनके ऋणी हैं। क्योंकि उस समय यदि संभाजी औरंगजेब के सामने समर्पण कर लेते या कोई संधि कर लेते, तो औरंगजेब अगले 2-3 वर्षों में उत्तर भारत के राज्यों को वापिस हासिल कर लेता और वहां की आम प्रजा और राजाओं की समस्या बढ़ जाती है, यह संभाजी के सबसे बड़ी उपलब्धियों में गिना जा सकता हैं। जबकि केवल संभाजी ही नहीं अन्य राजाओं के कारण भी औरंगजेब दक्षिण में 25 सालों तक विभिन्न लड़ाईयों में उलझा रहा जिस कारण उत्तरभारत धीरे-धीरे उसके हाथ से निकलता रहा। 3 अप्रैल 1680 को रायगढ़ में शिवाजी महाराज की मृत्यु हो जाने पर मुगलों द्वारा संभाजी राजे को पन्हाला के पास कैद कर लिया गया था। संभाजी के कैद हो जाने पर रायगढ़ में षडयंत्रकारियों अन्नाजी दत्तो, मोरोजी पिंगले, बालाजी चिटनिस ने सोयाराबाई को अपने साथी के रूप में लिया और छोटे राजाराम महाराज को सिंहासन पर बैठाने की साजिश रची। दोनों ने मिलकर राजाराम महाराज को गद्दी पर बैठाया। संभाजी महाराज को पकड़ने के लिए हम्बीराव मोहिते को भेजा गया था। लेकिन सोयराबाई के भाई हम्बीराव मोहिते ने राजाराम का मामा होते हुए भी अपना राजधर्म निभाते हुए संभाजी महाराज को पन्हालगढ़ से छुड़ा लिया और तख्तापलट के खेल का पटाक्षेप कर दिया। संभाजी महाराज ने रायगढ़ पर कब्जा कर लिया और स्वराज्य द्रोह का खेल खेलने वाले शासकों को कैद कर लिया। संभाजी महाराज को ताज पहनाया गया और वे शंभू राजे रियासत के दूसरे छत्रपति बने। संभाजी महाराज ने स्वराज्य के विरुद्ध षडयंत्र करने वाले शासकों को उदारतापूर्वक क्षमा कर दिया। 1681 में सोयाराबाई की मृत्यु हो गई। उनका अंतिम संस्कार स्वयं संभाजी महाराज ने किया था। संभाजी महाराज ने अन्नाजी दत्तो को पेशवा के रूप में बहाल किया। बाद में संभाजी महाराज उन्हें बुरहानपुर ले गए। लेकिन अन्नाजी दत्तो ने साजिश करना बंद नहीं किया। जब 1681 में ही औरंगजेब के विद्रोही पुत्र अकबर ने दक्षिण भाग कर छत्रपति संभाजी महाराज का आश्रय ग्रहण किया तो अन्नाजी दत्तो ने औरंगजेब के शहजादे को भड़काकर उसे बहकाने की कोशिश की। लेकिन छत्रपति संभाजी महाराज की शरण में आए अकबर ने महाराज को इन सब तथ्यों से अवगत करा दिया। इसी तरह के घोटालों से तंग आकर संभाजी महाराज ने अन्नाजी दत्तो और उनके साथियों को मृत्युदंड दे दिया। संभाजी ने हम्बीराव मोहिते की राज्य निष्ठा को देखते हुए उसे कमांडर -इन-चीफ नियुक्त किया। उन्होंने अपनी आयु के केवल 14 वर्ष में बुध भूषण, नखशिख, नायिकाभेद तथा सातशातक यह तीन संस्कृत ग्रन्थ लिखे थे। संभाजी अकेले मुगल, पुर्तगाली , अंग्रेज तथा अन्य शत्रुओं के साथ लड़ते रहे और साथ ही उन्हें आंतरिक शत्रुओं से भी लड़ना पड़ा। संभाजी महाराज का जीवन एवं उनकी वीरता ऐसी थी कि उनका नाम लेते ही औरंगजेब के साथ तमाम मुगल सेना थरार्ने लगती थी। कहा जाता है कि संभाजी के घोड़े की टाप सुनते ही मुगल सैनिकों के हाथों से अस्त्र-शस्त्र छूटकर गिरने लगते थे। यही कारण था कि छत्रपति शिवाजी महाराज की मृत्यु के बाद भी संभाजी महाराज ने हिंदवी स्वराज को अक्षुण्ण बनाये रखा था। वैसे शूरता-वीरता के साथ निडरता का वरदान भी संभाजी को अपने पिता शिवाजी महाराज से मानों विरासत में प्राप्त हुआ था। अत्याचारी, क्रुर, हैवान, दानव मुगल औरंगजेब की नाक में मराठों ने दम कर रखा था। वही औरंगजेब की गैर-मुस्लिमों के साथ बर्बरता चरम पर थी। स्वयं मराठों ने राजद्रोह कर संभाजी को औरंगजेब का बंदी बनने पर मजबूर किया और औरंगजेब ने ये कहते हुए कि ह्लअगर एक भी मुगल शहजादा संभाजी की तरह होता तो आज मुगलों का परचम पूरी दुनिया में लहराता"। सम्भाजी अपनी शौर्यता के लिये बहुत प्रसिद्ध थे।

उनके पराक्रम की वजह से परेशान होकर दिल्ली के बादशाह औरंगजेब ने कसम खायी थी कि जब तक छत्रपती संभाजी पकडे नहीं जायेंगे, वो अपना मुकुट सर पर नहीं धारण करेगा।

# हाइपरटेंशन कहीं जानलेवा न बन जाये

डॉ. प्रितम भि. गेडाम

हायपरटेंशन अर्थात उच्च रक्तचाप या हाई ब्लड प्रेशर वह स्थिती हैं जिसमें धमनियों में रक्त का दबाव बढ़ जाता है, दबाव की इस वृद्धि के कारण, रक्त की धमनियों में रक्त का प्रवाह बनाये रखने के लिये हृदय को सामान्य से अधिक काम करने की आवश्यकता पड़ती हैं। उच्च रक्तचाप मे ब्लड प्रेशर बहुत अधिक होता है। उच्च रक्तचाप यह गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं का कारण बन सकता है और हृदय रोग, स्ट्रोक और कभी-कभी मृत्यु के जोखिम को बढ़ा सकता है, यह साइलेंट किलर की तरह काम करता है। इस वर्ष विश्व उच्च रक्तचाप दिवस 2022 की थीम अपने रक्तचाप को सटीक रूप से मापें, इसे नियंत्रित करें, दीघार्यु जीवन जियें यह है। विश्व स्वास्थ्य संगठन अनुसार, उच्च रक्तचाप या हाई ब्लड प्रेशर एक गंभीर चिकित्सा स्थिति है जो हृदय, मस्तिष्क, गुर्दे और अन्य बीमारियों के जोखिम को बढ़ा देती है। अफ्रीकी क्षेत्र में उच्च रक्तचाप (27%) का उच्चतम प्रसार है जबकि अमेरिका में उच्च रक्तचाप (18%) का प्रसार सबसे कम है। दुनिया भर में 30-79 वर्ष की आयु के अनुमानित 1.28 अरब वयस्कों को उच्च रक्तचाप है, जिनमें से अधिकांश (दो-तिहाई) निम्न और मध्यम आय वाले देशों में रहते हैं। उच्च रक्तचाप से ग्रस्त अनुमानित 46% वयस्क स्थिति से अनजान है। उच्च रक्तचाप वाले आधे से भी कम वयस्कों (42%) का निदान और उपचार किया जाता है। उच्च रक्तचाप से ग्रस्त 5 में से लगभग 1 वयस्क (21%) में यह नियंत्रण में होता है। उच्च रक्तचाप दुनिया भर में अकाल मृत्यु का एक प्रमुख कारण है। लैंसेट अध्ययन के अनुसार, 2016 में भारत में कुल मौतों में हृदय रोग और स्ट्रोक ने लगभग 28.1% का योगदान दिया। हर 10 में से 3 भारतीय हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित हैं। हाइपरटेंशन मौत और विकलांगता का चौथा सबसे बड़ा रिस्क फैक्टर भी है। भारत में लगभग 20 करोड़ वयस्कों में हाई ब्लड प्रेशर की समस्या है। भारत दुनिया में उच्च रक्तचाप के निदान की सबसे कम दरों में से एक है। देश में 60% से 70% के बीच पुरुष और महिलाएं अपनी वास्तविक स्थिति से अनजान हैं। भारत की स्थिति 200 देशों में उच्च रक्तचाप निदान की दर में महिलाओं के लिए 193वें और पुरुषों के लिए 170 वें स्थान पर है। निदान की ऐसी निम्न स्थिति उच्च रक्तचाप की बीमारी को घातक स्तर पर पहुँचाती है, जिससे लोगों को दिल के दौरे और स्ट्रोक जैसी जानलेवा स्थितियों का शिकार होना पड़ता है। भारत में, उच्च रक्तचाप के साथ रहने वाले वयस्कों (30-79 वर्ष) का प्रतिशत 1990 में 25.52% से बढ़कर 2019 में पुरुषों में 30.59% और महिलाओं में 26.53% से 29.54% हो गया, जैसा कि द लैंसेट में प्रकाशित अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन में कहा गया है। भारत में उच्च रक्तचाप का समय पर पता लगाने और बेहतर उपचार से हृदय सम्बंधित रोगों का बोझ कम हो जाएगा। यह अनुमान लगाया गया है कि भारत में सिस्टोलिक रक्तचाप में 2 मिमी की व्यापक कमी, कोरोनरी धमनी की बीमारी के कारण 151,000 मौतों को रोकेगी और स्ट्रोक के कारण 153,000 मौतों को रोका जा सकेगा। उच्च रक्तचाप को कम करने से दिल का दौरा, स्ट्रोक और गुर्दे की क्षति के साथ-साथ अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव होता है। इसके लिए कुछ महत्वपूर्ण बातों पर ध्यान देने की आवश्यकता है जैसे :- नमक का सेवन कम करना (प्रतिदिन 5 ग्राम से कम), अधिक फल और ताजी हरी, अंकुरित सब्जियां खाना, तला-भुना, पापड़, अचार, चाट-मसाला खाने पर लगाम लगाना। नियमित व्यायाम, टहलना, पैदल चलना, साइकिल चलाना, एरोबिक, तैराकी जैसे हल्के-फुल्के शारीरिक व्यायाम करना, वजन संतुलित रखना, सभी तरह के नशे से दूरी, पौष्टिक खाद्य लेना व संतृप्त वसा में उच्च खाद्य पदार्थों का सेवन सीमित करना, अब तो आधुनिक जीवन शैली से दूरी बनाना भी बहुत जरूरी हो गया है। उच्च रक्तचाप की समस्या होने पर चिकित्सक से इलाज करना, चिकित्सक द्वारा बताये गए दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन करना, तनाव को कम करना, खुशनुमा माहौल बनाये रखना, सकारात्मक सोच-विचार, खुद पर गुस्सा हावी न होने देना, विचारशक्ति बढ़ाना, शारीरिक और मानसिक मजबूती के लिए योग करना। सबसे जरूरी है खान-पान पर उचित नियंत्रण रखना क्योंकि थोडेसे चटोरी जुबान के स्वाद के चक्कर में अपने पूरे शरीर को खराब कर तड़पा-तड़पा कर मारना और महंगी बीमारियों का शिकार होना कहां की समझदारी है।

चिंतन

# सर्वश्रेष्ठ लोक संचारक एवं आदर्श आदि पत्रकार

ललित गर्ग

**देव** ऋषि नारद या नारद मुनि ब्रह्माजी के पुत्र और भगवान विष्णु के बहुत बड़े भक्त महान तपस्वी, तेजस्वी, सम्पूर्ण वेदान्त एवं शस्त्र के ज्ञाता तथा समस्त विद्याओं में पारंगत हैं, वे ब्रह्मतेज एवं अलौकिक तेजोरश्मियों से संपन्न हैं। हैं। वे आदि-पत्रकार हैं जो सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड में एक जगह की खबर दूसरी जगह पहुंचाने एवं इधर की बात उधर करके, दो लोगों के बीच आग लगाने के लिये काफी प्रसिद्ध हैं। माना जाता है कि उन्हें सब खबर रहती हैं कि सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड में कहाँ क्या हो रहा हैं। मूंह पर नारायण नारायण और हाथ में वीणा लिये, नमक-मिर्च लगा के बातें फैलाना, एक बात को एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाने, सृष्टि के हित में सृष्टि की किसी बड़ी घटना की आहट को पहचानकर उसे एक लोक से दूसरे लोक में पहुंचाने में उनकी महारत थी। उन्हें दुनिया का आदि पत्रकार माना गया है। जगह-जगह में जो चल रहा है, उसकी सुध लेते, इस लोक से उस लोक तक भ्रमणशील रहते, नारद खबरों को संप्रेषित करते, प्रसारित करते। देवर्षि नारद ने अपने धर्मबल से परमात्मा का ज्ञान प्राप्त किया। वे समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए उपस्थित रहते थे। वे देव, दानव और मानव समाज के हित के लिये सर्वत्र विचरण करते हुए चिंतन व विचार मग्न रहते थे। संगीत के मर्मज्ञ एवं पंडित नारद को हम इहलोक, देवलोक और असुरलोक- तीनों लोकों में एक समान विचरने वाले सर्वश्रेष्ठ लोक संचारक एवं आदर्श पत्रकार के रूप याद कर सकते हैं। नारद को केवल मात्र एक पत्रकार के रूप में समझना या प्रस्तुत करना संभवतः उनके प्रति एकपक्षीय दृष्टि है, क्योंकि उनका व्यक्तित्व बहुआयामी है। उन्होंने ब्रह्मा से ज्ञान प्राप्त किया। संगीत का आविष्कार किया। समाज में भक्ति के मार्ग का प्रतिपादन किया और संवाद के माध्यम से लोकहित का कार्य किया। वे तमस से ज्योति की, असत्य से सत्य की एवं अंधकार से प्रकार की एक सतत यात्रा हैं। नारद मुनि के व्यक्तित्व रहस्यमय हैं, उन्हें समझना आसान नहीं हैं। यूं तो वे हमेशा खुश और आनन्दित दिखते हैं पर वे काफी संजीदा और विद्वान भी हैं। हिन्दू पौराणिक कथाओं की मानें तो उन्होंने भगवान विष्णु के कई काम पूरे किये हैं। नारदजी को विष्णु का संदेशवाहक माना गया है इसीलिये उन्हें आदि-पत्रकार कहा जाता है। नारदजी के विभिन्न उपनाम भी हैं। कौटिल्य के अर्थशास्त्र में उन्हें संचारक अर्थात सूचना देने वाला पत्रकार कहा गया है। इसके अतिरिक्त संस्कृत के शब्द कोष में उनका एक नाम आचार्य पिशुन आया है जिसका अर्थ है सूचना देने वाला संचारक, सूचना पहुंचाने वाला, सूचना को एक स्थान से दूसरे स्थान तक देनेवाला है। आचार्य का अर्थ गुरु, शिक्षक, यज्ञ का मुख्य संचालक विद्वान अथवा विज्ञ होता है। आचार्य पिषुन से स्पष्ट है कि देवर्षि नारद तीनों लोकों में सूचना अथवा समाचार के प्रेषक के रूप में परम लोकप्रिय पत्रकार एवं संवाद-प्रेषक, संवाद-वाहक हैं । भूत, वर्तमान एवं भविष्य-तीनों कालों के ज्ञाता, सत्यभाषी, स्वयं का साक्षात्कार करके स्वयं में सम्बद्ध, कठोर तपस्या से लोकविख्यात, गर्भावस्था में ही अज्ञान रूपी अंधकार के नष्ट हो जाने से जिनमें ज्ञान का प्रकाश हो चुका है, ऐसे मंत्रवेत्ता तथा अपने ऐश्वर्य (सिद्धियों) के बल से सब लोकों में सर्वत्र पहुँचने में सक्षम, मंत्रणा हेतु मनीषियों से घिरे हुए देवता, द्विज और नृपदेवर्षि कहे जाते हैं। जनसाधारण देवर्षि के रूप में केवल नारदजी को ही जानता है। उनकी जैसी प्रसिद्धि किसी और को नहीं मिली। वायुपुराण में बताए गए देवर्षि के सारे लक्षण नारदजी में पूर्णतः घटित होते हैं। सम्पूर्ण भारत में ब्रह्मा, विष्णु, महेश, राम, कृष्ण और अनेक देवी-देवताओं की एक समान जानकारी हर भारतवंशी को होने के पीछे नारदजी की पत्रकारिता एवं सुसंवादिता ही मुख्य है। नारद की छवि किसी जाति, वर्ग, समुदाय, सम्प्रदाय से नहीं जुड़ी थी। वे मनुष्य थे या देवता, यह कहना कठिन है। कहीं-कहीं वे गंधर्व के रूप में भी प्रकट होते हैं। परन्तु उस काल में वे देवताओं, मानवों और दानवों सभी के मित्र-हितैषी थे और उनको कुछ सिद्धियां एवं अधिकार प्राप्त थे, जिससे वे पलक झपकते ही सृष्टि के किसी भी कोने में पहुंच जाते और ब्रह्मा, विष्णु, महेश एवं अन्य सभी के दरवाजे उनके लिये हरदम खुले रहते थे।

# संयुक्त परिवार जीवन पथ की दुश्वारियों को कम करने का सबसे कारगर उपाय

दीपक कुमार त्यागी

**विश्व** के लोगों को परिवार की अहमियत बताने व समझने के उद्देश्य से हर वर्ष 15 मई को "विश्व परिवार दिवस" मनाया जाता है। वैसे तो इस संसार या समाज में परिवार एक सबसे छोटी लेकिन महत्वपूर्ण व बेहद मजबूत इकाई है। यह हमारे जीवन की एक ऐसी आवश्यक मौलिक इकाई है, जो हमें एक-दूसरे के साथ प्यार, मोहब्बत, आपसी सहयोगात्मक, सामंजस्य के साथ जीवन जीना सिखाती है, परिवार ही हमें समाज में सौहार्दपूर्ण संबंध व आपसी मेलजोल से रहना सिखाता है। प्रत्येक इंसान किसी न किसी परिवार का महत्वपूर्ण अंग है या फिर जीवन में कभी रहा है। परिवार से अलग होकर व्यक्ति के अस्तित्व के बारे सोचना भारत में आज भी बहुत चुनौती पूर्ण है। आज भी हम भारतवासी आधुनिक संस्कृति और सभ्यता के परिवर्तनों को स्वीकार करके अपने आप को चाहें कितना भी बदल ले या परिष्कृत कर ले, लेकिन फिर भी हमने जीवन में कभी परिवार के अस्तित्व पर कोई भी आंच नहीं आने दी है, हम लोगों में अधिकतर अब भी कभी ना कभी परिवार के साथ मिल इकट्ठा जरूर रहते हैं। जीवन में रिश्तों की इस बेहद मजबूत महत्वपूर्ण कड़ी को हमने आज के व्यवसायिक दौर में भी बहुत सुरक्षित करके रखा हुआ है। हो सकता है कि भागदौड़ भरी जिंदगी में आपसी मनमुटाव के चलते कभी-कभी वह भले टूटने के कगार पर पहुंच जाती है, लेकिन फिर भी हम भारतीय परिवार व उसके लोगों के अस्तित्व को अपने जीवन में कभी नकारा नहीं सकते है, क्योंकि हमारी जिंदगी में परिवार बहुत आवश्यक है। वैसे आज के आपाधापी व भागदौड़ भरी जिदंगी में जब हर क्षेत्र में बहुत अधिक प्रतियोगिता है, आज के दौर में इंटरनेट का प्रभाव और जीवन में कभी ना समाप्त होने वाली महत्वकांक्षाओं के समंदर में अगर डूबने से कोई बचा सकता है तो वह संयुक्त परिवार ही है। वैसे भी विश्व में अलग-अलग तरह की विभिन्न शोधों में यह साबित हो चुका है कि वे लोग बहुत ही कम अवसाद ग्रस्त होते हैं जो संयुक्त परिवार में मिलजुल कर इकट्ठा रहते हैं और वो लोग अपने जीवन के लक्ष्य को बेहद आसानी से हासिल कर लेते है। आज के भौतिकवादी युग में भले ही समाज में हर तरफ व्यक्तिवादी और उपभोक्तावादी संस्कृति का बहुत बोलबाला हो गया है, लेकिन अब भी परिवार समाज की एक सबसे मजबूत महत्वपूर्ण ईकाई है, जिसके रिश्तों की बेहद घनी छांव और स्नेह भरे स्पर्श के चलते व्यक्ति एक ही पल में अपने सारे दुख दर्द भूल जाता है। परिवार सिर्फ समाज की सबसे छोटी ईकाई ही नहीं, बल्कि सबसे अधिक मजबूत ईकाई भी है। यही किसी व्यक्ति या समाज के विकास का सबसे मजबूत स्तंभ भी है, इसके बलबूते ही हम सभी मिलजुलकर एकजुट होकर रहते हैं। "विश्व परिवार दिवस" के इतिहास को देखें तो समाज में परिवार के महत्व को देखते हुए सम्पूर्ण विश्व में लोगों के बीच परिवार की अहमियत बताने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र संघ ने "विश्व परिवार दिवस" या "अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस" हर साल 15 मई को वर्ष 1994 से मनाना शुरू किया था। वर्ष 1993 में संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्ताव संख्या अ/फ्र्र/47/237 के द्वारा प्रतिवर्ष 15 मई 1994 से "विश्व परिवार दिवस" मानने की शुरूआत हुई। जिसके लिए हर वर्ष एक अलग विषय (थीम) चुनाव किया जाता है और तब से हर वर्ष यह सिलसिला लगातार जारी है। परिवार की महत्ता को लोगों को समझाने के लिए 15 मई को सम्पूर्ण विश्व में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस दिन के लिए जिस प्रतीक चिह्न को चुना गया है, उसमें हरे रंग के एक गोल घेरे के बीचों बीच एक दिल और घर अंकित किया गया है। जिससे स्पष्ट है कि किसी भी समाज का केंद्र परिवार ही होता है। परिवार में आकर ही हर उम्र व वर्ग के लोगों को जिंदगी का असली सुकून पहुँचता है। व्यवसायिक दौर में संयुक्त परिवार के स्वरूप में बहुत परिवर्तन आया है, आज परिवार के मूल्यों में भी बहुत परिवर्तन हुआ है, फिर भी कभी जिंदगी में परिवार की अहमियत के अस्तित्व पर प्रश्न चिह्न नहीं लगाया जा सकता है।

# रीमा लागू ने दर्शकों के दिलों में बनाई खास जगह

**दिग्गज** अभिनेत्री रीमा लागू आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके शांत और निश्छल अभिनय के लिए उन्हें आज भी याद किया जाता है। रीमा लागू का असली नाम नयन खदबड़े था। उनका जन्म 21 जून 1958 में हुआ था। उनकी मां प्रसिद्ध मराठी अभिनेत्री मंदाकिनी खदबड़े थीं। अपनी माँ को अभिनय करता देख रीमा उनसे काफी प्रभावित हुईं और पढ़ाई के दौरान ही रीमा का झुकाव अभिनय की तरफ होने लगा। हाईस्कूल की पढ़ाई के बाद उन्होंने पेशेवर तौर पर अभिनय शुरू किया। रीमा लागू ने अपने करियर की शुरूआत मराठी सिनेमा से की थी। कई सालों तक उन्होंने मराठी थियेटर में काम किया जिसके बाद 1980 में उन्होंने फिल्म कलयुग से बतौर सह अभिनेत्री हिंदी सिनेमा में कदम रखा था।इसी दौरान उनकी मुलाकात पॉपुलर मराठी एक्टर विवेक लागू से हुई। मराठी अभिनेता विवेक लागू से शादी के बाद उन्होंने रीमा लागू नाम को अपनाया। दोनों की एक बेटी भी है जिसका नाम मृण्मयी लागू है। शादी के कुछ वक्त बाद तक तो सब अच्छा चला लेकिन फिर रीमा लागू और विवेक के बीच मनमुटाव शुरू हो गया। नतीजा ये हुआ कि शादी के कुछ सालों बाद ही रीमा लागू अपने पति विवेक लागू से अलग हो गईं।पति से अलग होने के बाद रीमा लागू ने अकेले ही अपनी बेटी को बड़ा किया। अपने चार दशक के करियर में रीमा कपूर ने अपनी छवि को कभी दागदार नहीं होने दिया।

रीमा लागू ने शानदार अभिनय प्रतिभा और साफ -सुथरी छवि की बदौलत दर्शकों के दिलों में अपनी खास और सम्मानित जगह बनाई। रीमा लागू की कुछ प्रमुख फिल्मों में मैंने प्यार किया , पत्थर के फूल, दिलवाले, हम आपके है कौन, विजयपथ ,रंगीला, वास्तव, हम साथ-साथ है,कल हो ना हो आदि शामिल हैं। रीमा लागू को सबसे ज्यादा माँ के किरदार में दर्शकों ने बहुत पसंद किया । माँ के किरदार में उनकी गरिमामयी छवि की झलक साफ दिखती थी।

## अक्षर पटेल ने बनाई आईपीएल की यूनीक लिस्ट में जगह, केवल 4 क्रिकेटर हैं इसमें

**मुंबई।** मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेले गए मुकाबले में अक्षर पटेल ने आईपीएल का एक यूनीक रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज करवा लिया। अक्षर ने पंजाब किंग्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में दोहरा प्रदर्शन किया था। बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने 20 गेंदों में दो चौकों की मदद से 17 रन बनाए थे तब जाकर दिल्ली की टीम 159 रनों तक पहुंचने में सफल हुई थी। अक्षर पटेल अब आईपीएल इतिहास में 1000+ रन और 100+ विकेट लेने वाले महज चौथे क्रिकेटर बन गए हैं। अक्षर से पहले यह रिकॉर्ड डीजे ब्रावो, रविंद्र जडेजा और सुनील नेरेन अपने नाम कर चुके हैं। हालांकि आईपीएल में कई बड़े दिग्गज लगातार प्रदर्शन करते रहे हैं लेकिन इन चारो को छोड़कर कोई भी 1000 रन और 100 विकेट का आंकड़ा हासिल नहीं कर पाया। मैच की बात की जाए तो अक्षर पटेल ने धारधार गेंदबाजी करते हुए पंजाब किंग्स के 2 बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई। उन्होंने 4 ओवर में महज 28 रन ही दिए। खास बात यह है कि इससे पहले अक्षर सीजन में 32 ओवर फेंककर 271 रन देते हुए दो ही विकेट ले पाए थे लेकिन पंजाब के खिलाफ मैच आते ही उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बाहर आ गया।



## मयंक अग्रवाल ने बताई पंजाब किंग्स के हार की वजह, कहा- टीम ने इस जगह की गलती

**मुंबई।** पंजाब किंग्स को दिल्ली कैपिटल्स के हाथों 17 रन से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में पहले बल्लेबाजी के लिए आई दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने पंजाब को 160 रन का लक्ष्य दिया। पर शुरूआती झटके लगने के बाद पंजाब की टीम उबर नहीं पाई और 9 विकेट पर 142 रन ही बना पाई। इस हार के साथ ही पंजाब की प्लेऑफ में जाने की उम्मीदें भी कम हो गई हैं।



हार के बाद पंजाब किंग्स के कप्तान मयंक अग्रवाल ने कहा कि हमने 5 से 10 ओवरों के बीच ज्यादा विकेट गंवा दिए जो हमारी हार का कारण बनी। जिस तरह से हमारी बल्लेबाजी है हम यह लक्ष्य हासिल कर सकते थे और पिच उतनी बुरी नहीं जितनी दिख रही थी। हमारे पास अभी मैच पड़े हैं और हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। हमने अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ खेल नहीं दिखाया है पर हम आने वाले मैच के लिए तैयार हैं। गौर हो कि पंजाब किंग्स को हराकर दिल्ली कैपिटल्स की टीम प्लेऑफ में जाने के लिए मजबूत स्थिति में आ गई है। दिल्ली कैपिटल्स के अब 14 अंक हो गए और वह टॉप चार में अपनी जगह बना चुकी है। आने वाले मैचों में अंक तालिका में काफी बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

## श्रीलंका की पहली पारी 397 रन पर खत्म, मैथ्यूज दोहरे शतक से चूके

**चटगांव।** ऑफ स्पिनर नईम हसन ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 105 रन देकर छह विकेट चटकाए और एंजेलो मैथ्यूज को एक रन से दोहरे शतक से महरूम किया लेकिन इसके बावजूद श्रीलंका की टीम बांग्लादेश के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन सोमवार को पहली पारी में 397 रन बनाने में सफल रही। मैथ्यूज 199 रन बनाकर आउट होने वाले अंतिम बल्लेबाज रहे। उन्होंने 397 गेंद की अपनी पारी में 19 चौके और एक छक्का मारा। बांग्लादेश को इसके बाद सलामी बल्लेबाजों तमीम इकबाल (नाबाद 35) और महमूदुल हसन (नाबाद 31) ने अच्छी शुरुआत दिलाई जिससे टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक बिना विकेट खोए 79 रन बना लिए हैं। बांग्लादेश की टीम अभी 321 रन से पीछे है जबकि उसके सभी विकेट शेष हैं। मैथ्यूज टेस्ट इतिहास में 199 रन पर आउट होने वाले 12वें बल्लेबाज बने। बांग्लादेश के लिए सभी विकेट स्पिनरों ने चटकाए। शाकिब अल हसन ने 60 रन देकर तीन जबकि ताइजुल इस्लाम ने 107 रन देकर एक विकेट चटकाया। श्रीलंका ने दिन की शुरुआत चार विकेट पर 258 रन से की और सुबह के सत्र में दबदबा बनाया।

# पंजाब की प्लेऑफ की उम्मीदें खत्म, दिल्ली ने 17 रन से हराया

**मुंबई।** पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच आईपीएल 2022 का 64वां मैच मुंबई के डॉ. डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला गया। पंजाब किंग्स के कप्तान मयंक अग्रवाल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी के लिए दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने मिचेल मार्श की अर्धशतकीय पारी के बदौलत पंजाब के सामने 160 रन का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने आई पंजाब की टीम 20 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर सिर्फ 142 रन ही बना पाई और 17 रन से मैच हार गई।

**दिल्ली कैपिटल्स (पहली पारी)-** पहले बल्लेबाजी के लिए आई दिल्ली कैपिटल्स की शुरूआत बेहद ही खराब रही और फॉर्म में चल रहे डेविड वार्नर शून्य पर आउट हो गए। लिविंग्स्टोन ने वार्नर को आउट कर टीम को पहली सफलता दिलाई।

तेजी से रन बटोर रहे सरफराज खान अर्शदीप सिंह का शिकार बने। सरफराज खान 16 गेंदों पर 32 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में 5 चौके और



एक छक्का लगाया। दिल्ली की टीम को तीसरा झटका ललित यादव के रूप में लगा। अर्शदीप ने ललित को 24 रन पर आउट कर अपनी दूसरी सफलता हासिल की। लिविंग्स्टोन ने दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत को स्टंप आउट करके पंजाब को बड़ी सफलता दिलाई। पंत 7 रन बनाकर आउट हुए। रोवमैन पॉवेल को आउट करके लिविंग्स्टोन ने अपना विकेट हासिल की। पॉवेल 6 गेंदें खेलकर मात्र 2 रन बनाकर पवेलियन की राह चल दिए।

अर्धशतक बनाकर खेल रहे मिचेल मार्श को कागिसो रबाडा ने आउट कर चलता किया। मार्श ने 48 गेंदों पर 4 चौके और 3 छक्के की मदद से 63 रन की पारी खेली। आखिरी ओवर में अर्शदीप सिंह ने शार्दुल ठाकुर को आउट करके अपना तीसरा शिकार बनाया। शार्दुल 3 रन बनाकर आउट हुए।

**पंजाब किंग्स (पहली पारी)-** पंजाब के लिए जॉनी बेयरस्टो के साथ शिखर धवन ने पारी की शुरूआत की और पहले चार ओवर में स्कोर 38 पर पहुंचाया। बेयरस्टो 28 रन बनाकर नोर्त्जे की गेंद पर आऊट हुए। नए बल्लेबाज भानुका राजपक्षे खराब फॉर्म से बाहर नहीं आ सके और चार रन बनाकर शार्दुल ठाकुर की गेंद पर चलते बने। ठाकुर यही नहीं रुके उन्होंने इसी ओवर में धवन को भी पवेलियन का रास्ता दिखाया।

55 रन पर तीन विकेट गिर जाने के बाद पंजाब के कप्तान मयंक अग्रवाल क्रीज पर आए लेकिन दिल्ली के स्पिनर अक्षर पटेल ने उन्हें दूसरी ही गेंद पर बोल्ड कर पंजाब के लिए संकट पैदा कर दिया।

पहली ओवर फेंकने आए कुलदीप यादव ने भी जलवा दिखाया। उन्होंने खतरनाक बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टोन को पवेलियन की राह दिखाई। लिविंगस्टोन 3 ही रन बना पाए। कुलदीप ने इसके बाद हरप्रीत बराड़ को भी पवेलियन की राह दिखा दी। अक्षर पटेल ने ऋषि धवन को 4 रन पर आउट कर पंजाब किंग्स को 7वां झटका दिया। पंजाब किंग्स की आखिरी उम्मीद जितेश शर्मा को शार्दुल ठाकुर ने आउट किया और दिल्ली की टीम को राहत दिलाई। जितेश शर्मा 34 गेंदों पर 3 चौके और 2 छक्के की मदद से 44 रन बनाकर आउट हुए। शार्दुल ठाकुर ने रबाडा को आउट करके अपना चौथा शिकार बनाया। रबाडा 6 रन बनाकर आउट हुए।

## इरफान पठान और हरभजन ने की इस तेज गेंदबाज की तारीफ, कहा- जल्द मिले टीम इंडिया में जगह

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय गेंदबाज हरभजन सिंह ने आईपीएल 2022 में दबाव की स्थिति में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिये पंजाब किंग्स के तेज़ गेंदबाज अर्शदीप सिंह की तारीफ की है। हरभजन ने कहा कि अर्शदीप सिंह के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि वह एक निडर खिलाड़ी हैं। उनके पास शेर का दिल है। एक तरफ जहां कई खिलाड़ी दबाव में बिखर जाते हैं, अर्शदीप सिंह दबाव में निखर जाते हैं।

उन्होंने कहा कि यह दिखाता है कि वह खेल में किस कदर शामिल हैं और वरिष्ठ खिलाड़ियों से अपनी सोच साझा करने में शर्माते नहीं। वह अंतिम ओवरों में अपनी मर्जी से यॉर्कर डालते हैं। मेरा मानना है कि इस दर्जे के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज को जरूर भारतीय टीम में जगह मिलनी चाहिए। उनके अंदर इतना आत्मविश्वास है कि वह दबाव की स्थिति में भी बेहतरीन प्रदर्शन कर



सकते हैं। मैंने उन्हें एक मैच के दौरान कागिसो रबाडा को सलाह देते हुए देखा था।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान ने भी धोनी और हार्दिक जैसे खिलाड़ियों को अंतिम ओवरों में शांत रखने के लिए अर्शदीप की तारीफों के पुल बांधे हैं। इरफान ने कहा कि अर्शदीप एक खास खिलाड़ी हैं। वह युवा हैं, सटीक हैं, और आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। यह सब खूबियां उन्हें अपनी उम्र के अन्य गेंदबाज़ों से अलग बनाती हैं। वह अंतिम ओवरों में धोनी और पांड्या जैसे खिलाड़ियों को शांत रखते हैं जो उनकी काबिलियत दर्शाता है ।

## डेविड वॉर्नर के गोल्डन डक होने पर बोले दिल्ली के कप्तान पंत, कही यह बात

**मुंबई।** पंजाब किंग्स को हराने के साथ ही दिल्ली कैपिटल्स की प्लेऑफ की रेस मजबूत हो गई है। डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला गया मुकाबला 17 रन से जीतने के साथ ही दिल्ली अब प्वाइंट टेबल में चौथे स्थान पर आ गया है। मैच जीतने के बाद दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत ने कहा कि पूरे टूर्नामेंट में अगर देखा जाए तो हम एक मैच जीत रहे हैं और एक हार रहे हैं। एक टीम के रूप में हम इसे बदलना चाहते थे। अच्छा है हमें यह खेल मिल गया। लिविंगस्टोन आज खास थे। उनके लिए गति में बदलाव करना अच्छा फैसला था। यह खेल का हिस्सा है। वहीं, गोल्डन डार्क हुए वार्न (वार्नर) के लिए बहुत कठिन नहीं हो सकता क्योंकि वह पूरे टूर्नामेंट में शानदार खेल रहा है। वहीं, कुलदीप को देर बाद गेंदबाजी देने पर पंत ने कहा कि हमने उसे (कुलदीप को) बैक हाफ के लिए बचाकर रखा था। फिर ओस आ गई इसलिए हम




किसी को बड़ा ओवर नहीं देना चाहते थे। यह 50-50 कॉल है। हम चाहते थे कि यह गहराई तक जाए। आज स्पिनरों को मदद मिल रही थी और हमने देखा कि दूसरी टीमों के साथ भी ऐसा होता है। वहीं अगले मैच पर पंत ने कहा कि हम विकेट का आकलन करेंगे और देखेंगे कि क्या हो सकता है। वहीं, पृथ्वी शॉ की चोट पर पंत ने कहा कि इसके बाद में अभी कुछ दिन में पता चलेगा। दिल्ली कैपिटल्स की अभी अंक तालिका में चौथे स्थान पर हैं। उनके 14 प्वाइंट हैं। खास बत यह है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के भी 13 मैचों में सात जीत के साथ 14 अंक हैं। यहां दिल्ली के लिए पॉजीटिव बात यह है कि उनकी नैट रन रेट अभी प्लस में चल रही है।

## रणजी के लिए बंगाल टीम में रिद्धिमान साहा की वापसी, इस टीम के खिलाफ खेलेंगे

**कोलकाता।** अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा की बंगाल की रणजी टीम में वापसी हुई है जिसे छह जून को झारखंड के खिलाफ रणजी ट्रॉफी का क्वार्टर फाइनल मैच खेलना है।

बंगाल क्रिकेट संघ ने टीम में तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को भी शामिल किया है लेकिन उनकी भागीदारी के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड की मंजूरी जरूरी होगी। भारतीय कोच राहुल द्रविड उनके कार्यभार प्रबंधन को देख रहे हैं।

राष्ट्रीय टीम के लिए चयन से मना किये जाने के बाद 37 साल के साहा ने रणजी ट्रॉफी के



लीग चरण में नहीं खेलने का फैसला किया था। वह हालांकि आईपीएल में शानदार लय में है। उन्होंने तीन अर्धशतकीय पारी की मदद से 281 रन बनाये है।

अभिमन्यु ईश्वरन के नेतृत्व वाली टीम पश्चिम बंगाल के खेल राज्य मंत्री मनोज तिवारी शामिल है।

टीमः अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), मनोज तिवारी, रिद्धिमान साहा, मोहम्मद शमी, अनुस्टुप मजूमदार, सुदीप चटर्जी, शाहबाज अहमद, अभिषेक रमन, रितिक चटर्जी, सयान शेखर मंडल, मुकेश कुमार, आकाश दीप, ईशान पोरेल, कौशिक घोष, ऋत्विक रॉय चौधरी, प्रदीप्त प्रमाणिक, करण लाल, नीलकंठ दास, सुदीप घरामी, अभिषेक पोरेल, मोहम्मद कैफ और अंकित मिश्रा।

## सचिन तेंदुलकर ने कहा- हर्षल पटेल हो सकते हैं भारतीय क्रिकेट के लिए अनमोल रत्न

**मुंबई।** लीजेंड सचिन तेंदुलकर ने हर्षल पटेल की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी विविधताओं को खूबसूरती से छिपाया है, यही वजह है कि 31 वर्षीय रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के तेज गेंदबाज ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पिछले कुछ सत्रों में इतना अच्छा प्रदर्शन किया है। पटेल ने आईपीएल 2021 में 15 मैचों में 32 विकेट लेकर पर्पल कैप हासिल की थी जिसमें तत्कालीन विराट कोहली की अगुवाई वाली टीम के लिए उनका सर्वश्रेष्ठ आंकड़ा 5/27 रहा। मेगा नीलामी में बेंगलुरु फ्रैंचाइजी ने 10.75 करोड़ रुपए में वापस खरीदा था। दाएं हाथ के मध्यम तेज गेंदबाज ने 12 मैचों में 18 विकेट लेकर अपनी टीम को निराश नहीं किया है। पंजाब के खिलाफ मैच में पटेल ने विकोटों का शतक लगाया। आरसीबी के फिलहाल 13 मैचों में 14 अंक हैं और अगर वह गुजरात टाइटंस के खिलाफ अपना आखिरी लीग मैच भारी अंतर से जीत लेती है तो उसके पास अंतिम चार में जगह बनाने का मौका है। तेंदुलकर का मानना ??है कि पटेल भारतीय क्रिकेट के लिए एक अनमोल रत्न हो सकते हैं। अपने यूट्यूब चैनल पर बोलते हुए दिग्गज खिलाड़ी ने पटेल को डेथ ओवरों में सबसे शक्तिशाली गेंदबाजों में से एक बताया। सचिन ने कहा कि पंजाब बोर्ड पर 209 रन बनाने में सक्षम था और वह केवल हर्षल पटेल की वजह ऐसा नहीं कर सके। उसकी गेंदबाजी में हर मैच के साथ सुधार हुआ है क्योंकि वह अपनी विविधता को खूबसूरती से छिपाने में सक्षम है।

# मोईन अली ने संघर्ष के दिनों को किया याद, कहा- आज भी खड़े हो जाते हैं रोंगटे

**मुंबई।** चेन्नई सुपर किंग्स के हरफनमौला खिलाड़ी मोईन अली ने अपनी क्रिकेट यात्रा के दौरान संघर्ष के दिनों को याद करते हुए कहा कि जिस कठिन रास्ते से उन्हें गुजरना पड़ा, उसके बारे में सोचने मात्र से आज भी उनके रोंगटे खड़े हो जाते हैं। सीएसके के साथ बेहद सफल आईपीएल 2021 सीजन के बाद जहां उन्होंने टीम को चौथा खिताब हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, वहीं इंग्लैंड के खिलाड़ी ने सफेद गेंद वाले करियर को लम्बा करने के लिए टेस्ट क्रिकेट छोड़ दिया।



महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई वाली टीम के लिए आईपीएल 2022 सीजन समय से पहले समाप्त होने के बाद मोईन ने अपने प्रारंभिक वर्षों को याद किया और बताया कि खेल के लिए दृढ़ संकल्प और जुनून ने उन्हें बाधाओं को दूर करने में कैसे मदद की। उन्होंने खुलासा किया कि उनके परिवार के पास कुछ दिन एक पाउंड भी नहीं होता था, जिससे उन्हें सैंडविच या ककड़ी पर जीवित रहने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस 34 वर्षीय ऑलराउंडर ने सीएसके टीवी पर कहा कि मेरे पिता जी खेल के लिए प्रति बहुत जुनूनी थे ... उन्हें और साथ ही जुड़वां भाई को। परिवारों के बीच, हम पांच थे इसलिए मेरे चचेरे भाई खेले, मैंने अपने छोटे भाई को खेला। मुझे बस याद है कि मैं आठ साल का था जब ??मैंने पार्क में अपने भाइयों के साथ खेलना शुरू किया, और मुझे लगा कि वे भी बेहतर हो रहे हैं। इसलिए जब मैं 19 साल का था, तब मैंने एक ट्रायल लिया और यह पहली बार था जब मैंने कभी किसी के साथ खेला।

मोइन ने कहा, यह शुरुआत थी और मैं जल्द ही कम उम्र में काउंटी क्रिकेट खेल रहा था, अच्छा कर रहा था और खेल से प्यार कर रहा था। यह फुटबॉल, क्रिकेट, फुटबॉल, क्रिकेट था। क्रिकेट मेरे पिताजी का जुनून था और हम बस आगे बढ़ते गए। मोइन ने कहा कि उनके पिता को एक मनोरोग नर्स के रूप में उनके काम और बच्चों को काउंटी खेलों के लिए ले जाने के बीच हथकंडा लगाना पड़ता था। उन्होंने कहा कि वह कभी-कभी वह पेट्रोल और कभी-कभी भोजन का खर्च नहीं उठा सकते थे। पहले, हम बहुत अच्छे नहीं थे ... हमारे पास बहुत पैसा नहीं था। मेरे पिता जी एक मनोरोग नर्स के रूप में काम करते थे, जिसका अर्थ है कि आपको लोगों को मानसिक रूप से संघर्ष करते और अस्पताल में सामान देखना होगा। लेकिन साथ ही साथ, उन्हें मुझे और मेरे भाइयों को काउंटी खेलों, परीक्षणों और प्रशिक्षण के लिए ले जाना पड़ा। वह पेट्रोल नहीं खरीद सकता थे, वह कभी-कभी भोजन नहीं कर सकते थे। यह बहुत मुश्किल था। कभी-कभी हम तीनों एक ही दिन एक खेल खेलते थे, एक काउंटी खेल जो वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण था। हमारे पास एक कार थी, दो परिवारों के बीच एक भयानक कार और इसलिए एक बार पेट्रोल और सब कुछ हो जाने के बाद, हमारे पास पूरे दिन के लिए सिर्फ एक पाउंड बचा था। हमें कभी-कभी खीरा और सैंडविच मिलता था।

## एक बार फिर डोर्टमंड इंटरनेशनल शतरंज में खेलेंगे विश्वनाथन आनंद




**डोर्टमंड , जर्मनी।** भारत के पाँच बार के विश्व शतरंज चैम्पियन विश्वनाथन आनंद लगभग एक वर्ष के समय से शतरंज के ऑन द बोर्ड मुकाबलों से दूर है और अब उनके प्रसंशकों का यह इंतजार खत्म होने जा रहे है । एक बार फिर आनंद जुलाई में डोर्टमंड इंटरनेशनल शतरंज में खेलते नजर आएंगे । शतरंज के सामान्य मुकाबलो से इतर इस खास मुकाबलों में आनंद नें रूस के पूर्व विश्व चैम्पियन ब्लादिमीर क्रामनिक से पिछले वर्ष मुक़ाबले खेले थे और स्पार्कसन ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया था ,। इन खास क्लासिकल मुकाबलों में एक खास नियम यह होता है की राजा किलेबंदी की चाल नहीं चल सकता था जिससे उस पर आक्रमण बना रहता था और मैच का परिणाम रोमांचक अंदाज में सामने आता है । इस बार इस टूर्नामेंट में आनंद और क्रामनिक के अलावा भारत के कृष्णन शशिकिरण और जर्मनी के डेनियल फ़्रेडमेन भी भाग लेंगे और प्रतियोगिता इस बार राउंड रॉबिन आधार पर खेली जाएगी । यह प्रतियोगिता 16 से 24 जुलाई के दौरान खेली जाएगी ।

# पीएसजी के एम्बाप्पे तीसरी बार बने फ्रेंच लीग के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, इस सीजन किए 25 गोल

**चटगांव (बांग्लादेश) ।** पेरिस सेंट जर्मेन के स्ट्राइकर कायलिन एम्बाप्पे अपने कॅरिअर में तीसरी बार फ्रांसीसी फुटबॉल लीग के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए। एम्बाप्पे ने फ्रांसीसी लीग में सर्वाधिक 25 गोल करके पीएसजी को चैंपियन बनाने में अहम योगदान दिया। उन्होंने सभी प्रतियोगिताओं में 36 गोल किए हैं।23 वर्षीय फ्रांस स्टार ने पिछले साल जब अवॉर्ड जीता था, तब उन्होंने अपने करियर में सबसे ज्यादा 42 गोल किए थे। वहीं 2019 में भी लीग का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता था। 2020 में कोरोना महामारी के कारण इस पुरस्कार का आयोजन नहीं किया गया था। इस दौरान जब उनसे भविष्य की योजनाओं के बारे में सवाल पूछा गया तो वह टाल गए। एम्बाप्पे का पीएसजी से अगले माह अनुबंध खत्म हो रहा है और माना जा रहा है कि वह रियल मैड्रिड से जुड़ सकते हैं।

**पीएसजी के लिए 168 गोल कर चुके हैं**

एम्बाप्पे पांच साल पहले 187 मिलियन डॉलर (14 अरब, 55 करोड़) में पीएसजी से जुड़े थे, तब से क्लब के लिए 168 गोल कर चुके हैं। यह क्लब के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले एडिंसन कवानी ने 200 गोल किए थे। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह कवानी से आगे निकलने की सोच रहे हैं तो इसके लिए पीएसीज में रुकना पड़ेगा। इस वह एम्बाप्पे हंसते हुए बोले कि वह इसमें सुधार करना चाहते हैं। हालांकि, शीर्ष तीन में शामिल होने पर उन्होंने खुशी जताई। उन्होंने पीएसजी के ज्लाटन इब्राहिमोविक के 156 गोल को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल किया था। अवॉर्ड जीतने के बाद एम्बाप्पे ने कहा कियहां होना हमेशा एक सम्मान की बात होती है।

## पाकिस्तान के कराची में मस्जिद के पास धमाका, एक महिला की मौत, 11 घायल

**कराचीः** पाकिस्तान के कराची में शाम भीषण बम धमाका हुआ। पुलिस के मुताबिक, यह ब्लास्ट कराची की एमए जिन्ना रोड पर मेमन मस्जिद के पास बॉम्बे बाजार में हुआ। पाकिस्तान के समा न्यूज की



रिपोर्ट के मुताबिक, धमाके में कम से कम एक महिला की मौत हो गई है और 11 लोगों के घायल होने की खबर है। घायलों को करीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि पुलिस ने पूरे इलाके की नाकाबंदी कर जांच शुरू कर दी है।

## तिब्बती मुद्दों को लेकर अमेरिकी दूत की भारत-नेपाल यात्रा शुरू, नई दिल्ली पहुंची उजरा ज़ेया

**मास्को।** अमेरिका की मानवाधिकारों और तिब्बत से जुड़े मुद्दे देखने वाली शीर्ष दूत की भारत और नेपाल की यात्रा शुरू हो गई। इस यात्रा का उद्देश्य इन दो दक्षिण एशियाई देशों के साथ मानवाधिकारों पर सहयोग को और मजबूत बनाना है। तिब्बती मुद्दों के लिए अमेरिकी विशेष समन्वयक उजरा ज़ेया मंगलवार को एक यात्रा के लिए भारत पहुंचीं, जो मानवाधिकारों, लोकतांत्रिक शासन और मानवीय प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगी। उजरा ज़ेया ने ट्वीट किया 'नमस्ते ! नई दिल्ली में वापस आकर अच्छा लगा। अमेरिका-भारत के मानवाधिकारों, मानवीय समर्थन और लोकतांत्रिक शासन के साझा मूल्यों को आगे बढ़ाने पर चर्चा के लिए तत्पर हैं ' । ज़ेया, जो नागरिक सुरक्षा, लोकतंत्र और मानवाधिकारों की अवर सचिव भी हैं, 17-22 मई तक भारत और नेपाल की यात्रा पर हैं। अमेरिकी विदेश विभाग ने एक प्रेस बयान में कहा कि जेया इस 'इयर ऑफ एक्शन फॉर द समिट फॉर द डेमोक्रेसी' के दौरान भारत और नेपाल के साथ साझेदारी पर भी चर्चा करेंगी। प्रतिनिधिमंडल में यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट एशिया के लिए उप सहायक प्रशासक अंजलि कौर शामिल होंगी।ज़ेया को पिछले साल दिसंबर में तिब्बती मुद्दों के विशेष समन्वयक के रूप में नियुक्त किया गया था। तिब्बत के लिए अंतर्राष्ट्रीय अभियान ने तिब्बती मुद्दों के लिए अमेरिका के नए विशेष समन्वयक के रूप में उनकी नियुक्ति का स्वागत किया और आशा व्यक्त की कि वह दलाई लामा के दूतों और चीनी नेतृत्व के बीच संवाद को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय रूप से काम करेंगी।जेया इस भूमिका में सेवा देने वाली पहली भारतीय अमेरिकी हैं। भारत तिब्बती निर्वासितों की दुनिया की सबसे बड़ी आबादी का घर है।

## डोनाल्ड ट्रंप नहीं आ सकते ट्विटर पर दोबारा, मस्क की सारी कोशिशें हो रहीं असफल

**सैन फ्रांसिस्को।** पिछले साल जनवरी में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ट्विटर अकाउंट पर रोक लग गई थी जिसे बहाल करने में टेस्ला के सीइओ एलन मस्क पूरी कोशिश कर रहे हैं। लेकिन मस्क की इन कोशिशों में ट्रंप का सोशल मीडिया प्लेटफार्म Truth Social के नियम कानून बाधा पैदा कर रहे हैं।

एलन मस्क के भरपूर प्रयास के बावजूद डोनाल्ड ट्रंप की ट्विटर प्लेटफार्म पर वापसी आसान नहीं है। दरअसल पूर्व राष्ट्रपति के अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'ट्रूथ सोशल' के नियम इसमें बाधा बन रहे हैं। यूएस सिक्योरिटीज एंडएक्सचेंज कमीशन के साथ बनाए गए नए नियमों के तहत जब ट्रूथ सोशल पर ट्रंप कुछ पोस्ट करते हैं तो इसके बाद छह घंटे तक इसे दोबारा किसी अन्य सोशल नेटवर्क पर पोस्ट नहीं कर सकते हैं। इस तरह के नियम ट्रूथ सोशल पर ट्रैफिक बढ़ाने के लिए किया जा रहा है। ऐसा टेक क्रंच का मानना है। पिछले साल जनवरी में अमेरिकी संसद में हिंसा के कारण ट्विटर ने ट्रंप के ट्विटर अकाउंट पर रोक लगा दी थी। उस वक्त ट्विटर प्लेटफार्म पर ट्रंप के करीब 89 मिलियन फालोअर्स थे। वहीं अभी ट्रूथ सोशल पर उनके करीब 3 मिलियन फालोअर्स हैं। पिछले सप्ताह मस्क ने दोबारा इस बात पर जोर दिया था कि पराग अग्रवाल की अगुवाई में ट्रंप का ट्विटर अकाउंट बहाल किया जाना चाहिए। हालांकि ट्रंप ने माइक्रोब्लागिंग साइट से नहीं जुड़ने का फैसला किया है। उनका कहना है कि 'ट्विटर काफी बोरिंग है।' इस नई कंपनी की योजना सब्सक्रिप्शन बेस्ड वीडियो आन डिमांड सर्विस लान्च करने की थी।

# श्रीलंका के पास सिर्फ एक दिन का पेट्रोल, भारत की मदद से दूर होगा पड़ोसी देश का ऊर्जा संकट

**कोलंबो।** श्रीलंका की डूबती अर्थव्यवस्था को भारत से बड़ा सहारा मिल रहा है। बदतर होते हालातों के बीच भारत श्रीलंका के लिए खेवनहार बनकर सामने आया है। आर्थिक संकट के साथ-साथ जब यह देश ऊर्जा संकट से भी घिर गया है, तो ऐसे समय में भारत की ओर से पड़ोसी देश को बड़ी मदद भेजी जा रही है। दरअसल, श्रीलंका में पेट्रोल का भंडार खत्म हो चुका है। प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने सोमवार को राष्ट्र के नाम संबोधन में इस बात की पुष्टि करते हुए कहा भी कि ''फिलहाल हमारे पास बस एक दिन के लिए पेट्रोल का भंडार है।'' ऐसे में अब खबर आई है कि भारतीय ऋण सुविधा के माध्यम से श्रीलंका को बड़ी मदद मिलने वाली है।



**कल तक पहुंचेगी भारतीय मदद**

विक्रमसिंघ ने अपने संबोधन में कहा था, भारतीय ऋण सुविधा से डीजल के दो और खेप 18 मई और एक जून को पहुंचने वाले हैं। इसके अलावा, पेट्रोल के दो खेपों के 18 एवं 29 मई तक श्रीलंका पहुंचने की संभावना है। इसके बाद श्रीलंका में पेट्रोल और डीजल की कमी को काफी हद तक कम कर लिया जाएगा।

**खुले बाजार से जुटा रहा डॉलर**

श्रीलंका के प्रधानमंत्री विक्रमसिंघे ने कहा था, '' अगले 40 दिनों के लिए में कच्चे तेल एवं भट्ठी तेल श्रीलंका की समुद्री सीमा में खड़े कर लिये गये हैं। हम इन खेपों का भुगतान करने के लिए खुले बाजार से डॉलर जुटाने में लगे हैं। '' उन्होंने कहा कि श्रीलंक में बिजली का एक चौथाई हिस्सा तेल से पैदा होता है इसलिए प्रतिदिन बिजली कटौती 15 घंटे तक होगी । उन्होंने कहा, '' हालांकि हमने इस संकट को टालने के लिए धन पहले ही जुटा लिया है। ''

**आजादी के बाद सबसे खराब आर्थिक संकट से गुजर रहा श्रीलंका**

श्रीलंका 1948 में मिली आजादी के बाद से सबसे खराब आर्थिक संकट से गुजर रहा है। विदेशी मुद्रा भंडार की भारी कमी से ईंधन, रसोई गैस एवं अन्य जरूरी चीजों के लिए लंबी लंबी कतारें लग गयी हैं तथा भारी बिजली कटौती एवं खाने-पीने के बढ़ते दामों ने लोगों की दुश्वारियां बढ़ा दी हैं। आर्थिक संकट से श्रीलंका में राजनीतिक संकट पैदा हो गया और प्रभावशाली राजपक्षे की इस्तीफे की मांग होने लगी। राष्ट्रपति गोटबाया ने इस्तीफा देने से इनकार कर दिया लेकिन उन्होंने पिछले सप्ताह नये प्रधानमंत्री एवं युवा मंत्रिमंडल को नियुक्त किया। नयी सरकार राष्ट्रपति के अधिकारों में कटौती के लिए अहम संवैधानिक सुधार पेश करेगी।

# अब तक 50 की मौत, 12 लाख को बुखार, किम ने उतारी सेना

**सियोल।** उत्तर कोरिया में कोविड-19 के बढ़ते प्रकोप के बीच बुखार से मौत के आठ और मामले सामने आए, जबकि 3,92,920 और लोग बुखार से पीड़ित पाए गए। किम जोंग-उन ने दवाई आपूर्ति में देरी पर अधिकारियों को फटकार लगाई है और सेना को राजधानी में महामारी से निपटने के लिए कार्रवाई का निर्देश दिया है। किम जोंग उन ने देश में कोरोना के प्रसार को रोकने के लिए लॉकडाउन लगा रखा है।

उत्तर कोरिया के वायरस रोधी आपात मुख्यालय ने बताया कि अप्रैल के अंत से 12 लाख लोगों को बुखार हो चुका है, जिनमें से 5,64,860 लोग अब भी पृथकवास पर रह रहे हैं। रविवार शाम छह बजे तक बुखार से 24 और लोगों की मौत होने के बाद देश में मृतक संख्या बढ़कर 50 हो गई है।

हालांकि, सरकारी मीडिया ने



इस बात की पुष्टि नहीं की है कि बुखार से पीड़ित और उससे जान गंवाने वालों में से कितने लोग कोरोना संक्रमित थे। विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरिया की खराब स्वास्थ्य प्रणाली के कारण वायरस के प्रसार को रोकने में नाकामी उसके लिए खतरनाक साबित हो सकती है। उत्तर कोरिया की सरकारी संवाद एजेंसी केसीएन ने बताया कि देश में 3,92,920 लोगों के अंदर बुखार के लक्षण देखे गए हैं। उत्तर कोरिया ने पहली बार माना है कि वह कोरोना विस्फोट से बुरी तरह से जूझ रहा है। उत्तर कोरिया में अभी तक किसी भी व्यक्ति को कोरोना का टीका नहीं लगा है।

**किम ने अधिकारियों को फटकार लगाई**

कुछ दिनों पहले तक उत्तर कोरिया का किम जोंग उन प्रशासन दावा कर रहा था कि वह कोरोना महामारी से बचा हुआ है। उत्तर कोरिया ने इस प्रकोप को रोकने के लिए 10 लाख कर्मचारियों को तैनात किया है। हुई बैठक में किम जोंग उन ने सही तरीके से काम नहीं करने की कड़ी आलोचना की थी। किम ने दवाइयों की आपूर्ति में देरी को लेकर अधिकारियों को फटकार लगाई। तानाशाह ने अब उत्तर कोरिया की सेना को राजधानी प्योंगयांग में वैश्विक महामारी से निपटने के लिए कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

## पाकिस्तान में सिख व्यापारियों की हत्या के खिलाफ ननकाना साहिब और पेशावर में प्रदर्शन

**इस्लामाबाद।**पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के पेशावर शहर से करीब 17 किलोमीटर दूर सरबंद इलाके के बटाताल बाजार में रविवार को अज्ञात बंदूकधारियों द्वारा दो सिख व्यापारियों की गोली मारकर हत्या के खिलाफ सिख समुदाय के लोग सड़कों पर उतर आए



हैं। मृतक कारोबारियों की पहचान गुरमुख सिंह (38) और अवतार सिंह(42) के रूप में हुई है। प्रदर्शन दौरान सिख समुदाय ने कहा कि ताजा घटना ने एक बार फिर पाकिस्तानी सिखों में भय का माहौल पैदा कर दिया है। उन्होंने पाकिस्तान सरकार से गैर-मुसलमानों, खासकर सिखों के जीवन और संपत्ति की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की अपील की। इस्लामिक स्टेट की अफगान शाखा, इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड द लेवेंट ने हत्याओं की जिम्मेदारी ली है। उग्रवादी समूह को इस्लामिक स्टेट ऑफ खुरासान प्रांत के रूप में भी जाना जाता है। ISKP ने दावा किया है कि उसके बंदूकधारियों ने दो सिख व्यापारियों की हत्या कर दी।

## अमेरिकी राष्ट्रपति सलाहकार आयोग की सलाह- 6 माह में किया जाए ग्रीन कार्ड संबंधी आवेदनों का निपटारा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति सलाहकार आयोग ने राष्ट्रपति जो बाइडेन को ग्रीन कार्ड या स्थायी निवास से जुड़े सभी आवेदनों का निपटारा छह महीने के भीतर करने का सुझाव देने संबंधी प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दी है। अगर व्हाइट हाउस द्वारा प्रेजिडेंट्स एडवाइजरी कमीशन ऑन एशियन अमेरिकन्स, नेटिव हवाईयन्स एंड पेसिफिक आईलैंडर के सुझावों को स्वीकार कर लिया जाता है तो ग्रीन कार्ड के लिए लंबे अरसे से इंतजार कर रहे सैकड़ों भारतीय-अमेरिकियों के लिए यह बड़ी खुशखबरी होगी। PSCAANHPI की बैठक के दौरान भारतीय-अमेरिकी समुदाय के नेता अजय जैन भूटोरिया ने इस संबंध में एक प्रस्ताव रखा था, जिसे सभी 25 आयुक्तों ने सर्वसम्मति से पारित कर दिया। राजधानी में आयोजित इस बैठक का पिछले सप्ताह सीधा प्रसारण किया गया था। ग्रीन कार्ड के लंबित आवेदनों की संख्या घटाने के लिए सलाहकार आयोग ने 'यूएस सिटिजनशिप एंड इमिग्रेशन सर्विसेज' को अपनी प्रक्रियाओं, प्रणालियों और नीतियों की समीक्षा करने, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित कर इसे नई रूपरेखा देने, अनावश्यक प्रक्रिया को समाप्त करने (यदि कोई हो तो), किसी भी अनुमोदन को स्वचालित बनाने तथा प्रणाली में सुधार लाने की सलाह दी है।

# वियतनाम ने दक्षिण चीन सागर में चीन के मछली पकड़ने के प्रतिबंध का किया विरोध

**वियतनाम ।** वियतनाम और फिलीपींस ने दक्षिण चीन सागर में चीन द्वारा मछली पकड़ने पर लगाए प्रतिबंधों को लेकर कड़ा विरोध जताया है। दरअसल, दक्षिण चीन सागर में चीन ने वियतनाम और फिलीपींस के द्वारा मछली पकड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इससे समुद्री क्षेत्र में संप्रभुता को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। वियतनाम ने इस प्रतिबंध को लागू करने के लिए चीन का विरोध किया है।

चीन ने दक्षिण चीन सागर में मछली पकड़ने पर एकतरफा प्रतिबंध लगाए हैं। प्रतिबंध मई से अगस्त तक रहेगा है। चीन के प्रतिबंधों के तहत आने वाले क्षेत्रों में टोंकिन की खाड़ी और पैरासेल द्वीप समूह का अधिकांश हिस्सा शामिल है जो चीन के पास है



लेकिन इन क्षेत्रों पर वियतनाम द्वारा भी दावा किया जाता है। वियतनाम ने इस प्रतिबंध को लागू करने के लिए चीन की निंदा की है।वियतनामी विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा, 'वियतनाम चीन से अनुरोध करता है कि वह पूर्वी सागर (दक्षिण चीन सागर) में जैविक संसाधनों के संरक्षण के उपाय करते समय, पेरासेल द्वीपों पर वियतनाम की संप्रभुता, संप्रभु अधिकारों और अपने समुद्री क्षेत्रों पर अधिकार क्षेत्र का सम्मान करे ताकि पूर्वी सागर में बिना किसी समस्या के शांति, स्थिरता और व्यवस्था बनी रहे।

इस बीच फिलीपींस ने अभी तक प्रतिबंध का जवाब नहीं दिया है। फिलीपींस में अगले सप्ताह के अंत में राष्ट्रपति चुनाव होना है। यह हाल के एक सर्वेक्षण प्रकाश में आया है। इससे समुद्र में मछली पकड़ने पर गंभीर समस्या बन गई है। सिंगापुर पोस्ट ने बताया कि यह चीनी बेड़े के आकार और इसकी 'अवैध गतिविधि' के कारण है।

# इजियम में यूक्रेनी सेना का जबरदस्त हमला, रूसी सेना को पीछे धकेला

**कीवः** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद अपनी पत्नी सविता कोविंद के साथ राजकीय यात्रा पर जमैका पहुंचे। कैरेबियाई देश में किसी भी भारतीय राष्ट्रपति की प्रभावित थीं कि आज उन्होंने 'सलवार-कुर्ता' पहना।



राष्ट्रपति ने कहा, 'भारत और जमैका साझा लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर सौहार्दपूर्ण और मैत्रीपूर्ण संबंधों का आनंद लेना जारी रखे हुए हैं ... भौगोलिक दूरी जैसी बाधाओं के बावजूद आर्थिक और वाणिज्यिक बातचीत बढ़ती जा रही है। हालांकि, व्यापार और निवेश में वृद्धि की संभावना बनी हुई है।÷ उन्होंने कहा कि ÷हमारा सहयोग कोविड महामारी के दौरान भी जारी रहा, जब भारत सरकार की वैक्सीन मैत्री पहल के तहत मार्च 2021 में मेड इन इंडिया कोविड वैक्सीन जमैका पहुंची। भारतीय प्रवासी दो देशों के बीच जीवंत सेतु है। जमैका क्रिकेट एसोसिएशन को क्रिकेट किट का एक प्रतीकात्मक उपहार भेंट किया

राष्ट्रपति कोविंद ने दोनों देशों के बीच क्रिकेट सहयोग के प्रतीक के रूप में जमैका क्रिकेट एसोसिएशन को क्रिकेट किट का एक प्रतीकात्मक उपहार भेंट किया। जमैका क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विल्फोर्ड बिली हेवन ने इसे प्राप्त किया।

**डॉ बीआर आंबेडकर मार्ग का उद्घाटन किया**

जमैका में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने डॉ बीआर आंबेडकर मार्ग का उद्घाटन किया। जमैका के किंगस्टन के डाउनटाउन में भीमराव रामजी आंबेडकर के नाम पर एक सड़क का नाम रखा गया है। राष्ट्रपति कोविंद ने कहा कि डॉ आंबेडकर और मार्कस गर्वे जैसे प्रतीक केवल एक राष्ट्र/समुदाय तक सीमित नहीं हो सकते। सभी के लिए समानता का उनका संदेश और सभी प्रकार के भेदभाव को समाप्त करने की उनकी अपील में सार्वभौमिक प्रतिध्वनि है। डॉ अंबेडकर का संदेश भारतीयों, जमैकन और दुनिया के लिए प्रासंगिक है।

**राष्ट्रपति ने विपक्ष के नेता से की मुलाकात**

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने जमैका के किंग्स्टन में जमैका पेगासस होटल में विपक्ष के नेता मार्क गोल्डिंग और विदेश मामलों और विदेश व्यापार के विपक्ष के प्रवक्ता लिसा हन्ना से मुलाकात की।

**भारतीय मूल के प्रवासियों ने कोविंद का किया स्वागत**

जमैका पहुंचने पर भारतीय मूल के प्रवासियों ने कोविंद का जोरदार स्वागत किया। जमैका के भारतीय कारोबारी मुकेश कुमार सिंह ने कहा राष्ट्रपति की यात्रा से दोनों देशों के बीच कूटनीतिक व द्विपक्षीय रिश्ते मजबूत होंगे, जिसका लाभ कारोबारी सेक्टर को मिलेगा। राष्ट्रपति कार्यालय ने ट्वीट किया कि जमैका के गवर्नर जनरल सर पैट्रिक एलन और प्रधानमंत्री एंड्रयू होल्नेस ने हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति कोविंद की अगवानी की। कोविंद की यात्रा दोनों देशों के बीच राजनयिक रिश्तों की स्थापना की 60वें वर्षगाठ वर्ष में हो रही है। राष्ट्रपति को उनके जमैका आगमन पर गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।

**दोस्ती मजबूत करने को तत्पर**

जमैका के विदेश और विदेश व्यापार मंत्री कामिना जे. स्मिथ ने कहा कि वे कोविंद की यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच दोस्ती को मजबूत करने के लिए तत्पर हैं। राष्ट्रपति 18 मई तक जमैका में रहेंगे। यात्रा के दौरान वह गवर्नर-जनरल एलन के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार राष्ट्रपति कोविंद जमैका की संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित भी करेंगे।

मंत्रालय ने कहा, ''भारत और जमैका के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 60वीं वर्षगांठ के मौके पर यह यात्रा हो रही है। भारत और जमैका क्रमशः अपनी स्वतंत्रता की 75वीं और 60वीं वर्षगांठ मना रहे हैं।''

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश 211019 से प्रकाशित।

Title UPHIN 29506

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र कौशाम्बी, प्रयागराज होगा।

## यूक्रेन का दावा- रूस ने अपने हमले डोनेत्स्क में केंद्रित किए, सेवेरोडोनेत्स्क में गोलाबारी में 10 की मौत

**कीवे।** रूस की सेना ने यूक्रेन में अपने हमले पूर्वी हिस्से में डोनेत्सक क्षेत्र में केंद्रित किए हैं और कई शहरों में असैन्य और सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया है। यूक्रेन की सेना ने यह जानकारी दी। यूक्रेन के सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ ने कहा कि रूस ने मारियुपोल में अज़ोवस्तल संयंत्र के आसपास हवाई हमले और तोप से गोलाबारी जारी रखी है। यह सामरिक रूप से अहम शहर में यूक्रेन के कब्जे वाला अंतिम स्थान है।

जनरल स्टाफ के मुताबिक, डोनेत्सक क्षेत्र में रूसी बल अलग अलग हथियारों से डोवेनके, रस्की तिश्की, तेरनोवा और पेट्रिवका शहरों में असैन्य अवसंरचना पर भारी गोलाबारी कर रहे हैं। इस बीच खबर आई है कि यूक्रेन के सेवेरोडोनेत्स्क में रूसी सेना की गोलाबारी में 10 लोगों की मौत हो गई। यूक्रेन की सेना ने बताया कि रूसी बल दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव में अब अपनी स्थिति बनाए रखने और सीमा की ओर हमारे बलों को बढ़ने से रोकने पर तवज्जो दे रहे हैं।

**बेलारूस की वजह से फंसी यूक्रेनी सेना**

इस बीच ब्रिटिश सेना के अधिकारियों ने कहा कि सीमा पर बेलारूस के सैनिकों की मौजूदगी के कारण यूक्रेन के बलों को इलाके में ही रूकना पड़ रहा है और वे पूर्वी डोनबास क्षेत्र में अभियान में मदद करने के लिए नहीं जा पा रहे हैं। रूस के करीबी सहयोगी बेलारूस ने पिछले हफ्ते कहा था कि उसकी योजना यूक्रेन की सरहद के नजदीक तीन



इलाकों में विशेष अभियान बलों को भेजने की है, क्योंकि क्षेत्र में नाटो बलों के जमा होने को लेकर उसे शिकायत है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को जारी खुफिया जानकारी में कहा कि बेलारूस ने पश्चिमी हिस्से में प्रशिक्षण स्थलों पर वायु सेना, तोप और मिसाइलों को भी तैनात किया है। ब्रिटिश सेना के अधिकारियों ने कहा कि सीमा पर बेलारूस के सैनिकों की मौजूदगी के कारण यूक्रेनी बलों को इलाके में ही रुकना पड़ रहा है और वे पूर्वी दोनबास क्षेत्र में अभियान में मदद करने के लिए नहीं जा पा रहे हैं। बेलारूस ने पश्चिमी हिस्से में प्रशिक्षण स्थलों पर वायु सेना, तोप और मिसाइलों को भी तैनात किया है। इससे यूक्रेनी बलों को बाधा हो रही है।

**रेनॉल्ट ने रूसी शाखा की हिस्सेदारी बेची**

फ्रांसीसी कार निर्माता रेनॉल्ट का कहना है कि वह अपनी रूसी शाखा 'मॉस्को सिटी' को बेच रही है और वह रूसी कंपनी एव्तोवाज में अपनी हिस्सेदारी एक स्थानीय सरकारी संस्थान को बेच रही है। उसके बोर्ड के निदेशकों ने एव्तोवाज में कंपनी की 67.69 फीसदी हिस्सेदारी एनएएमआई को बेचने को मंजूरी दे दी है। रेनॉल्ट समूह के सीईओ लुका डी मेओ ने इसे मुश्किल लेकिन जरूरी फैसला बताया।